Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

We are Suppliers of :
Zinc Oxide | Silica,
Carbon Black
Bacteria for STP/ETP Plants
(Both Anaerobic and Arobic)
Kumar Brothers
GF-150, Durga Tower, RDC, RAJ NAGAR, GHAZIABAD
E-mail : kumarbros1234@gmail.com
Sandeep Khuller 9810066381 Lalit Kumar 9891116568

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

We are Suppliers of :
Zinc Oxide | Silica,
Carbon Black
Bacteria for STP/ETP Plants
(Both Anaerobic and Arobic)
Kumar Brothers
GF-150, Durga Tower, RDC, RAJ NAGAR, GHAZIABAD
E-mail : kumarbros1234@gmail.com
Sandeep Khuller 9810066381 Lalit Kumar 9891116568

वर्ष: 6 अंक: 247 | सोमवार, 08 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## चंद्रग्रहण — 3 घंटे से अधिक रही चांद पर धरती की छाया

# दुनियाभर में दिखा 'ब्लड मून'

**नई दिल्ली।**

चंद्र ग्रहण 2025 के दौरान देशभर में 'ब्लड मून' देखा गया। ग्रहण के दौरान चांद पर पृथ्वी की छाया 3 घंटे से अधिक समय तक रही। अलग-अलग शहरों में लोग इस खगोलीय घटना के साक्षी बने। रक्तिम चंद्रमा की छवि को लोगों ने अपने कैमरे में भी कैद किया। देखिए कुछ कमाल की तस्वीरें खगोलीय घटनाओं को वैज्ञानिक नजरिए से देखने-समझने का अभ्यास करने वाले लोगों के लिए चंद्र ग्रहण धर्म से इतर भी गूढ़ अर्थ रखता है। आज साल 2025 के अंतिम चंद्र ग्रहण के दौरान देशभर में 'ब्लड मून' देखा गया। लगभग तीन साढ़े घंटे से अधिक समय तक चांद पर धरती की छाया पड़ती रही। चंद्रग्रहण की पूरी अवधि में पृथ्वी, सूर्य और चंद्रमा के बीच रही और चांद पर सूर्य का प्रकाश सीधे नहीं पड़ा। देशभर से इस खगोलीय घटना की तस्वीरें सामने आई हैं। दिल्ली-एनसीआर, लखनऊ, गुवाहाटी, तिरुवनंतपुरम और चेन्नई जैसे शहरों से चांद और 'ब्लड मून' की अलग-अलग छवियां सामने आईं। देखिए ब्लड मून यानी रक्त जैसी लालिमा लिए चंद्रमा की चुनिंदा तस्वीरें वैज्ञानिकों के मुताबिक एशिया और ऑस्ट्रेलिया से देखने वालों के लिए यह सबसे अच्छा अनुभव रहा होगा।





## रात 9:58 पर शुरू हुआ चंद्रग्रहण 1:26 समाप्त

ऐसा इसलिए क्योंकि चंद्र ग्रहण चंद्रमा के पेरिगी पर पहुंचने से ठीक 2.7 दिन पहले होने के कारण खास रहा। इस कारण चांद अपने सामान्य आकार से थोड़ा बड़ा दिखाई दिया। पेरिगी कक्षा की उस बिंदु को कहते हैं जहां पहुंचने के बाद चंद्रमा पृथ्वी के सबसे करीब आ जाता है। खगोल विज्ञान के जानकारों के मुताबिक यूरोप और अफ्रीका में चंद्रोदय के समय चंद्र ग्रहण देखा गया। इस दौरान क्षितिज का अद्भुत दृश्य दिखाई दिया। फोटोग्राफी के शौकीन लोगों के लिए ये अवसर बेहद खास साबित हुआ। वैज्ञानिकों का मानना है कि चंद्रग्रहण देखना सुरक्षित होता है। इसके लिए किसी विशेष चश्मे, फिल्टर या किसी अन्य उपकरण की जरूरत नहीं होती। हालांकि, कई जगहों पर बारीकियों को समझने के लिए उपकरणों की मदद ली जाती है।

### भारत के अलावा इन देशों में दिखा चंद्र ग्रहण

खबरों के मुताबिक दुनिया के लगभग 77 फीसदी हिस्से में चंद्रग्रहण देखा गया। भारत समेत ब्रिटेन, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये जैसे देशों में भी चंद्रग्रहण देखा गया। लाखों खगोल विज्ञान प्रेमियों ने चांद पर पड़ती धरती की छाया को देखा और सौरमंडल की अनोखी घटना के साक्षी बने।

### चंद्र ग्रहण 2025 के दौरान शंघाई में भी उत्साहित दिखी जनता

चीन के शंघाई शहर में भी जनता चंद्रग्रहण और ब्लड मून का नजारा देखने किए उत्साहित रही। यूक्रेन को ओडेसा समुद्र तट पर, पश्चिमी एशियाई देश कुवैत, यूरोपीय देश जर्मनी के बर्लिन, इराक की राजधानी बगदाद और दक्षिण अफ्रीकी शहर जोहान्सबर्ग में भी लोगों ने ब्लड मून और चंद्र ग्रहण 2025 का जमकर लुत्फ उठाया।

## दिल्ली में जालसाजों ने बुजुर्ग महिला को बनाया निशाना

**नई दिल्ली।** तुगलक रोड स्थित बुजुर्ग से जालसाजों ने बिजली कनेक्शन की केवाईसी कराने का मैसेज भेज कर एक लाख 59 हजार ठग लिए। बुजुर्ग महिला के शिकायत पर नई दिल्ली की साइबर थाना पुलिस ठगी समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, 61 वर्षीय अनीता पटनायक एनडीएमसी फ्लैट गोल्फ लिंक्स तुगलक रोड नई दिल्ली में रहती हैं।

## नहीं दी वोट चोरी की जानकारी': मल्लिकार्जुन खरगे



**नई दिल्ली।**

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि चुनाव आयोग को पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए और भाजपा एजेंट की तरह काम करना बंद कर देना चाहिए। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आयोग पर महत्वपूर्ण जानकारी छिपाने और कथित "वोट चोरी" के पीछे के लोगों को बचाने का आरोप लगाया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी एक न्यूजलेटर जारी करके आयोग और केंद्र सरकार के विरुद्ध कथित "वोट चोरी" पर कड़ा रुख अपनाया है। खरगे ने 'एक्स' पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की, जिसमें दावा किया गया था कि 2023 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले फार्म-7 में कथित रूप से जालसाजी करके मतदाताओं को हटाने के प्रयास से संबंधित मामला ठंडा पड़ गया है क्योंकि चुनाव आयोग ने अभी तक आरोपितों को पकड़ने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण डाटा साझा नहीं किया है।

यह भी दावा किया कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कथित "वोट चोरी" पर आधारित डाक्यूमेंट्री के लिंक के साथ अपने महाराष्ट्र कैडर को एसएमएस भेजने के उसके आवेदन को खारिज कर दिया है।

## भारत-चीन से लिपुलेख समझौता वापस लेने की मांग की

**नई दिल्ली।**

नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने रविवार को संपन्न हुए नीति सम्मेलन में पारित हुए विशेष दस्तावेज में भारत और चीन के बीच हुए लिपुलेख समझौते का कड़ा विरोध किया। यूएमएल ने दोनों देशों से इस समझौते को वापस लेने की मांग की है। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) यानी उढठ-वटछ ने भारत और चीन के बीच हुए उस समझौते पर कड़ा एतराज जताया है, जिसमें नेपाल के लिपुलेख दर्रे का उपयोग व्यापार के लिए करने की बात कही गई है। रविवार को संपन्न हुए नीति सम्मेलन में पारित विशेष दस्तावेज में यूएमएल ने दोनों देशों से इस समझौते को वापस लेने की मांग की। साथ ही नेपाल सरकार से अपील की कि वह उच्चस्तरीय कूटनीतिक पहल कर इस मुद्दे को सुलझाए और काली नदी के पूर्व का क्षेत्र नेपाल का अधिकार है, इसे स्पष्ट करे। यह प्रस्ताव पार्टी के 28 सूत्रीय वाले समकालीन दस्तावेज में शामिल किया गया।



प्रस्ताव में प्रधानमंत्री और यूएमएल अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के 30 अगस्त से तीन सितंबर तक चीन दौरे के दौरान लिपुलेख समझौते का विरोध दर्ज कराने को नेपाल की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को मजबूत बताकर सराहना की गई। प्रस्ताव में यात्रा के दौरान द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग का भी उल्लेख किया गया, जिससे विदेशों में देश की छवि बढ़ी। भारत और चीन ने लिपुलेख दर्रे से सीमा व्यापार दोबारा शुरू करने पर सहमति जताई है। यह दर्रा नेपाल की पश्चिमी सीमा के भीतर 56 किलोमीटर अंदर, लिम्पियाधुरा इलाके में स्थित है।

## आपदा: पीएम मोदी कल पंजाब और हिमाचल का लेंगे जायजा

### हरियाणा में टूटे तटबंध, सेना पहुंची...4,887 गांव प्रभावित




**चंडीगढ़/शिमला।**

प्रधानमंत्री कांगाड़ा में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के बारिश से तबाह हुए इलाकों का भी हवाई सर्वेक्षण करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पंजाब के बाढ़ प्रभावित गुरदासपुर और हिमाचल प्रदेश में चंबा, मंडी और कुल्लू जिलों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। प्रधानमंत्री कांगाड़ा में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। पंजाब भाजपा महासचिव अनिल सरीन ने बताया कि पीएम राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा करेंगे और बाढ़ प्रभावित परिवारों से मिलेंगे। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के बारिश से तबाह हुए इलाकों का भी हवाई सर्वेक्षण करेंगे। बारिश थमने के बाद हरियाणा में यमुना, मारकंडा, बेगना, सोम व राक्षी का जलस्तर कम होने लगा है, लेकिन जीटी बेल्ट में टांगरी और घग्गर नदी रविवार को भी खतरे के निशान से ऊपर बही।

## मस्जिदों की संख्या स्कूलों से ज्यादा... पाकिस्तान की जनगणना में कई चौंकाने वाले खुलासे

**नई दिल्ली।**

पाकिस्तान की पहली आर्थिक जनगणना चौंकाने वाली जमीनी हकीकत को उजागर करती है। देश में मस्जिदों की संख्या स्कूलों की संख्या से दोगुनी से अधिक है। आबादी के हिसाब से बहुत कम कारखाने और अस्पताल मौजूद हैं। 269,000 स्कूलों और 119,000 अस्पतालों की तुलना में छह लाख से अधिक मस्जिदें और 36,000 मदरसे हैं। यह स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव डालते हैं और देश की आर्थिक क्षमता को सीमित करते हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों की कमी भी स्पष्ट है।



## भारतीय हॉकी टीम आठ साल बाद एशिया कप की चैंपियन बनी

**नई दिल्ली।**

यह उसकी टूनामेंट में चौथी खिताबी जीत है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम ने मौजूदा चैंपियन कोरिया को पराजित कर न सिर्फ ट्रॉफी जीती, बल्कि अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। बिहार के राजगीर में एशिया कप 2025 का खिताबी मुकाबला रविवार को भारत और दक्षिण कोरिया के बीच खेला गया। इस मैच में भारतीय हॉकी टीम ने पांच बार की विजेता कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। दिलचस्प बात यह है कि भारतीय टीम इस पूरे टूनामेंट में अजेय रही। भारत आठ साल बाद एशिया कप का चैंपियन बना है। यह उसकी एशिया कप में चौथी खिताबी जीत है। एशिया कप हॉकी 2025 में भारतीय टीम ने पूल चरण में शानदार प्रदर्शन किया। टीम इंडिया ने लगातार तीन मुकाबले जीतकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा और नॉकआउट चरण की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। 29 अगस्त को भारत ने चीन को रोमांचक मुकाबले में 4-3 से मात दी।



## संपादक की कलम से

# अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाएं

पश्चिम बंगाल की विधानसभा में संविधान, लोकतंत्र, गरिमा, मयार्दा को तार–तार किया गया। क्षोभ और शर्मिंदगी के कोई और शब्द हैं, तो उनका उल्लेख भी किया जा सकता है। यह न तो संघीय ढांचा है और न ही अभिव्यक्ति की आजादी है। हम जानते हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समविचारक नहीं होंगी। जब वह लोकसभा सांसद थीं, तब ऐसा हुड़दंग मचाया था कि स्पीकर सोमनाथ चटर्जी पर बिल के टुकड़े–टुकड़े कर उछाल दिए थे। तब उन्होंने बंगाल में घुसपैठियों के मुद्दे पर अपना नकारात्मक आक्रोश,



ललित शर्मा
संपादक

रोष व्यक्त किया था। आज भी वही मुद्दा है, लेकिन आज वह खुद मुख्यमंत्री हैं। आज राजनीति के कारण उनके सुर और रवैये बदल चुके हैं। आज ममता बनर्जी बांग्लादेशी घुसपैठियों की अवधारणा मानती ही नहीं। उन्होंने बांग्लाभाषी और प्रवासी बंगाली सरीखे नए शब्द गढ़ लिए हैं और केंद्र सरकार पर बंगालियों पर अत्याचार के आरोप मढ़ रही हैं। ममता बनर्जी ऐसी पहली मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने विधानसभा में चीख–चीख कर नारे लगाए हैं–मोदी चोर, वोट चोर, अमित शाह चोर भाजपा डकैतों, आतंकियों, अत्याचारियों की पार्टी है। यह दुखद ही नहीं, बेशर्मी और नालायकी है, दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक मुख्यमंत्री ने सदन में ही देश के प्रधानमंत्री को चोर, डकैत, अत्याचारी करार दिया है। अफसोस और विडंबना यह है कि ऐसे गालीबाज मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई संवैधानिक कार्रवाई नहीं की गई है और न ही हमें ऐसी कोई संभावना लगती है। क्या देश का प्रधानमंत्री ऐसा किरदार बना दिया गया है, जिसके खिलाफ तमाम मयार्दाओं और संवैधानिक आचरणों की हदें लांघी जा सकती हैं? क्या संविधान में ऐसे भी अनुच्छेद हैं, जिनके तहत प्रधानमंत्री को, कोई भी, किसी भी मौके पर, गालियां देकर अपमानित कर सकता है? यह निरंकुशता लोकतांत्रिक और संघीय भी नहीं है। वोट चोर कुछ हद तक राजनीतिक और चुनावी मुद्दा हो सकता है, लेकिन ये शब्द भी आपत्तिजनक और अश्लील हैं। अब चुनाव आयोग 10 सितंबर को सभी क्षेत्रीय मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ देश भर में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण को लेकर विमर्श करेगा। जाहिर है कि बिहार वाली प्रक्रिया बंगाल में भी हो सकती है, क्योंकि अप्रैल, 2026 के आसपास वहां विधानसभा चुनाव होने हैं। असम, तमिलनाडु, पांडिचेरी, केरल आदि राज्यों में भी 2026 में चुनाव हैं। कौन–कौन, मतदाता संशोधन की इस कवायद के मद्देनजर प्रधानमंत्री को चोर कहेगा? क्या इस संवैधानिक प्रक्रिया पर प्रधानमंत्री और चुनाव आयोग को, ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस, चोर करार देते हुए विरोध प्रकट करेगी? बंगाल में हिंसक प्रदर्शन भी किए जाएंगे? एक राज्य में अराजकता फैलाने की बौनी राजनीति खेली जाएगी? बेशक सदनों की गरिमा और उनके चरित्र को इतना खंडित न किया जाए कि पक्ष और विपक्ष के निर्वाचित सदस्य हाथापाई करें, मारपीट तक की नौबत आ जाए और सदस्यों को जमीन पर ही चित पटकनी दे दी जाए। बंगाल की विधानसभा में यह सब कुछ हुआ। भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष को अस्पताल तक ले जाना पड़ा। नेता प्रतिपक्ष सुवेन्दु अधिकारी को भी मार्शलों के जरिए सदन से बाहर कर दिया गया। दुर्भाग्य है कि अब सभी स्तरों के सदनों में ऐसा ही माहौल देखने को मिलता है। अब सांसदों/विधायकों के निलंबन भी स्पीकर के नीर–क्षीर विवेक के उदाहरण नहीं रहे। सभापति अपने राजनीतिक दल से प्रभावित रहते हैं, लिहाजा फैसले तटस्थ नहीं माने जा सकते। यकीनन ये दृश्य लोकतंत्र और संविधान के सबसे कलंकित अपमान हैं। यदि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सदन में बिंदुवार बंगालियों के अत्याचार की घटनाएं पेश करतीं, सदन संयत होकर कार्यवाही करता, तो वह एक राष्ट्रीय मुद्दा बन सकता था। मोदी चोर कहकर तो ममता ने अपनी छीछालेदर कराई है। अब यह मुद्दा हंगामा मचाएगा कि ममता घुसपैठियों, बांग्लादेशियों, अवैध प्रवासियों के वोट बैंक की राजनीति करती हैं। देश में करीब 2.5 करोड़ घुसपैठिए हैं, यह आंकड़ा बहुत पुराना है।

## ओ मेरे कान्हा

नीलम सिंह

कविता



ओ मेरे कान्हा
कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।
तेरे चेहरे पर बारी जाऊं,
तेरी मुस्कान पर न्यारी जाऊं,
तेरी बांसुरी की धुन मुझे
मधहोश करें,
तेरी बातों की गुन मुझे खामोश करें,
कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।
तू न दिखे तो मैं आकाश निहारुं,
सब कुछ तुझ पर ही बारुं,
तेरी आवाज न सुनू तो तड़प जाऊं,
देख तुझे मैं सारा जग पाऊं,
कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# तरक़्क़ी के शहर, अकेलेपन के घर

सबसे बड़ी चुनौती है सामुदायिक बंधनों का क्षरण। गाँवों में जहाँ पड़ोसियों और रिश्तेदारों के बीच गहरे संबंध होते हैं, वहीं शहरों में रहने वाले लोग अक्सर अनजानेपन और दूरी का अनुभव करते हैं। गेटेड सोसाइटी और उच्च-आय वर्गीय कॉलोनियों ने सामाजिक जीवन को खंडित कर दिया है। लोग अपने छोटे-से घेरे में सिमट जाते हैं और ₹अन्यर₹ के प्रति अविश्वास पनपने लगता है। यह प्रवृत्ति समाज में सामूहिक विश्वास और सहयोग की भावना को कमजोर करती है। शहरी जीवन का दूसरा बड़ा संकट है अकेलापन। भीड़भाड़ और व्यस्तता के बावजूद लोग व्यक्तिगत रूप से अलग-थलग पड़ जाते हैं। महानगरों में लाखों लोग रहते हैं, परंतु अधिकांश अपने पड़ोसियों को भी नहीं पहचानते। एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत शहरी भारतीयों ने स्वीकार किया कि वे खुद को अकेला महसूस करते हैं। यह आँकड़ा दिखाता है कि आधुनिक शहरी जीवन ने भले ही हमें भौतिक सुविधाएँ दी हों, परंतु भावनात्मक और सामाजिक रूप से हमें कमजोर किया है। तकनीक ने भी इस अकेलेपन को बढ़ाया है। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया पर निर्भरता ने वास्तविक मानवीय बातचीत को सीमित कर दिया है। मेट्रो या बस में सफर करते हुए अक्सर लोग एक-दूसरे से संवाद नहीं करते, बल्कि मोबाइल स्क्रीन में डूबे रहते हैं। शहरीकरण ने भारत के सामाजिक जीवन और मानवीय संबंधों को गहराई से प्रभावित किया है। यह केवल आर्थिक प्रगति का साधन नहीं बल्कि एक ऐसा सामाजिक परिवर्तन भी है जिसने हमारे पारंपरिक रिश्तों, विश्वास और आपसी सहयोग की प्रकृति को बदल दिया है। शहरी जीवन की रफ्तार, अवसरों की विविधता और सेवाओं तक आसान पहुँच ने निश्चित ही नागरिकों को नए विकल्प दिए हैं, परंतु इसके साथ ही यह प्रक्रिया मानवीय संवेदनाओं और सामुदायिक रिश्तों को भी चुनौती देती रही है।

शहरों के विस्तार ने लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे अवसरों के करीब लाया। पहले जहाँ ग्रामीण भारत में इन सुविधाओं तक पहुँच कठिन थी, वहीं शहरी क्षेत्रों ने इन्हें आसान बनाया। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे महानगरों में विश्वस्तरीय अस्पताल, विश्वविद्यालय और सांस्कृतिक केंद्र मौजूद हैं। यह स्थान केवल सेवाएँ ही उपलब्ध नहीं कराते, बल्कि ज्ञान और विचारों के आदान-प्रदान के मंच भी बनते हैं। इसी वजह से शहरी जीवन को आधुनिक भारत का इंजन कहा जाता है। यहाँ के निवासी विभिन्न भाषाई, धार्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आते हैं, जिससे विविधता का अनुभव होता है और सहिष्णुता की भावना विकसित होती है। साथ ही, शहरी जीवन में सांस्कृतिक समृद्धि और नागरिक चेतना भी प्रबल होती है। कला दीघाएँ, पुस्तकालय, रंगमंच, साहित्यिक सभाएँ और जनआंदोलन जैसी गतिविधियाँ शहरों की पहचान रही हैं। चाहे वह कोलकाता की अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स हो या दिल्ली का इंडिया हैबिटेट सेंटर–ये स्थान सामूहिक संवाद और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। इसके अतिरिक्त, बेंगलुरु जैसे शहरों में आईटी उद्योग और स्टार्टअप संस्कृति ने पेशेवर सहयोग और नेटवर्किंग की नई संभावनाएँ खोली हैं। नागरिक स्वयं भी संगठित होकर अपने अधिकारों और सुविधाओं के लिए आवाज उठाते हैं। गुरुग्राम की आवासीय कल्याण समितियों द्वारा कचरा प्रबंधन और जलभराव के खिलाफ अभियान इसका उदाहरण हैं। लेकिन इन सब सकारात्मक पहलुओं के बीच शहरीकरण का एक दूसरा चेहरा भी है, जो कहीं अधिक गहन सामाजिक संकट की ओर इशारा करता है। सबसे बड़ी चुनौती है सामुदायिक बंधनों का क्षरण। गाँवों में जहाँ पड़ोसियों और रिश्तेदारों के बीच गहरे संबंध होते हैं, वहीं शहरों में रहने वाले लोग अक्सर अनजानेपन और दूरी का अनुभव करते हैं। गेटेड सोसाइटी और उच्च-आय वर्गीय कॉलोनियों ने सामाजिक जीवन को खंडित कर दिया है। लोग अपने छोटे-से घेरे में सिमट जाते हैं और ₹अन्यर₹ के प्रति अविश्वास पनपने लगता है। यह प्रवृत्ति समाज में सामूहिक विश्वास और सहयोग की भावना को कमजोर करती है। शहरी जीवन का दूसरा बड़ा संकट है अकेलापन। भीड़भाड़ और व्यस्तता के बावजूद लोग व्यक्तिगत रूप से अलग-थलग पड़ जाते हैं। महानगरों में लाखों लोग रहते हैं, परंतु अधिकांश अपने पड़ोसियों को भी नहीं पहचानते। एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत शहरी भारतीयों ने स्वीकार किया कि वे खुद को अकेला महसूस करते हैं। यह आँकड़ा दिखाता है कि आधुनिक शहरी जीवन ने भले ही हमें भौतिक सुविधाएँ दी हों, परंतु भावनात्मक और सामाजिक रूप से हमें कमजोर किया है। तकनीक ने भी इस अकेलेपन को बढ़ाया है। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया पर निर्भरता ने वास्तविक मानवीय बातचीत को सीमित कर दिया है। मेट्रो या बस में सफर करते हुए अक्सर लोग एक-दूसरे से संवाद नहीं करते, बल्कि मोबाइल स्क्रीन में डूबे रहते हैं। यह प्रवृत्ति समाजशास्त्री जॉर्ज सिमेल की उस धारणा को सही साबित करती है जिसमें उन्होंने आधुनिक शहरों को ₹भीड़ में अकेलेपन₹ का प्रतीक कहा था। साथ ही, शहरी जीवन की भीड़-भाड़ और संसाधनों की कमी ने तनाव और संघर्ष को भी जन्म दिया है।



प्रियंका सौरभ

पानी, बिजली, यातायात और पार्किंग जैसे मुद्दों पर झगड़े आम हो गए हैं। दिल्ली जैसे शहरों में पार्किंग विवाद कई बार हिंसा तक पहुँच जाते हैं। वाहन प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाएँ भी नागरिक जीवन की असुरक्षा को बढ़ाती हैं। पैदल चलने वालों के लिए सुरक्षित स्थान कम होते जा रहे हैं, जिससे साझा सार्वजनिक जीवन घटता जा रहा है। यह कमी सामाजिक पूँजी पर सीधा आघात करती है, क्योंकि खुले और सुरक्षित सार्वजनिक स्थल ही लोगों के बीच संवाद और सहयोग को जन्म देते हैं। इस प्रकार, शहरीकरण ने भारत के सामाजिक पूँजी पर दोतरफा असर डाला है। एक ओर इसने शिक्षा, स्वास्थ्य, विविधता और सांस्कृतिक उन्नति के अवसर दिए, तो दूसरी ओर इसने रिश्तों को सतही, अस्थिर और अविश्वासी बना दिया। आर्थिक विकास की गति में हमने भावनात्मक और सामुदायिक जीवन को पीछे छोड़ दिया। आवश्यक है कि शहरी नियोजन केवल भौतिक ढाँचे तक सीमित न रहे, बल्कि उसमें मानवीय संबंधों की गरिमा और सामुदायिक जीवन की बहाली को भी स्थान मिले। हमें ऐसे सार्वजनिक स्थल चाहिए जहाँ लोग सहजता से मिल सकें और संवाद कर सकें। आवासीय कल्याण समितियों को केवल प्रशासनिक इकाई न मानकर सामाजिक मेलजोल और सामुदायिक उत्सवों का मंच बनाया जाए। शहरों में त्योहारों, मेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाए, ताकि लोग एक–दूसरे के करीब आ सकें। साथ ही, सस्ते और समावेशी आवास की नीतियाँ तैयार हों, जिससे वर्ग आधारित विभाजन कम हो सके। भारत का भविष्य निस्संदेह शहरी होगा, परंतु यह भविष्य तभी स्थायी और समृद्ध हो सकता है जब शहरीकरण केवल आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक पूँजी का भी संवाहक बने। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि विकास की दौड़ में रिश्तों का ताना–बाना न टूटे। शहर तभी सच्चे अर्थों में प्रगतिशील बनेंगे जब वे न केवल समृद्धि और अवसर देंगे, बल्कि विश्वास, सहयोग और सामूहिक कल्याण की भावना को भी जीवित रखेंगे।

# बाजार जगत व व्यावसायिक वर्ग अलर्ट मोड पर रहें वित्तमंत्री का सख़्त रुख-कर कटौती का लाभ आम जनता तक पहुंचानें व्यक्तिगत रूप निगरानी का ऐलान!



गोंदिया

*भारत की आर्थिक संरचना में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) सुधारों को ऐतिहासिक मील का पत्थर माना जाता है। 2017 में जब इसे लागू किया गया था तो इसका मुख्य उद्देश्य था-एक राष्ट्र, एक टैक्स की अवधारणा के तहत पूरे देश को एकीकृत करना और कर ढांचे की जटिलताओं को कम करना। अब 2025 में, सरकार ने जीएसटी सुधारों की नई श्रृंखला लागू करते हुए कई वस्तुओं पर कर दरों में कटौती की है।यह कदम सीधे तौर पर महंगाई से जूझ रहे मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग को राहत देने वाला माना जा रहा है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या ये कर कटौती का लाभ वास्तव में आम जनता तक पहुंचेगा? क्या व्यवसायी वर्ग इस राहत को उपभोक्ताओं तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाएंगे? और क्या अंतरराष्ट्रीय दबावों जैसे ट्रंप प्रशासन के 50 पर्सेंट टैरिफ फैसलों का कोई प्रभाव इन सुधारों पर पड़ा है?मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुँचना सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती हैं जीएसटी दरों में कटौती से तुरंत उपभोक्ताओं को लाभ मिलना चाहिए, क्योंकि कर घटने पर वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें घटनी चाहिए। लेकिन व्यवहारिक धरातल पर स्थिति इतनी सरल नहीं होती।बाजार में अक्सर देखा गया है कि व्यापारी या निमार्ता अपने मार्जिन को बनाए रखने के लिए कीमतों में उतनी कटौती नहीं करते, जितनी कर दरों में कमी हुई है। उदाहरण के लिए, यदि किसी वस्तु पर पहले 18 पर्सेंट जीएसटी था और अब उसे 12 पर्सेंट या जीरो कर स्लैब में लाया गया है, तो कीमत में 6 पर्सेंट या 18 पर्सेंट की कटौती होनी चाहिए। लेकिन कई बार यह अंतर उपभोक्ताओं तक मात्र 2-3 पर्सेंट ही पहुंचता है। यही कारण है कि आम जनता के मन में भ्रम बना हुआ है कि क्या यह सुधार वास्तव में उनके लिए हैं या केवल उद्योग जगत के लिए।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे जीएसटी सुधार 2025-जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुँचना सबसे बड़ी चुनौती*

*साथियों बात अगर हम केंद्रीय वित्तमंत्री के 6 सितंबर 2024 को सख्त रुख और निगरानी के ऐलान की करें तो उन्होंने इन आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट कहा है कि वह व्यक्तिगत रूप से व्यवसायों द्वारा उपभोक्ताओं को लाभ पहुँचाने की प्रक्रिया की निगरानी करेंगी। यह बयान जनता में विश्वास जगाने वाला है, क्योंकि पहली बार किसी केंद्रीयमंत्री ने इतनी सख्ती से कहा है कि वह लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए प्रत्यक्ष रूप से नजर रखेंगी। उन्होंने साफ कहा है कि 22 सितंबर के बाद बहुत बड़ा सतर्कता अभियान चलाया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कर कटौती का असर कीमतों पर दिखे।सरकार ने इस निगरानी अभियान को केवल वित्त मंत्रालय तक सीमित नहीं रखा है। सांसदों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में बाजार दरों की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) इनको सख़्ती से अगले एक से डेढ़ महीने तक सतत निरीक्षण का काम सौंपा गया है। सीबीआईसी यह देखेगा कि कर कटौती का असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ रहा है या नहीं। इस तरह एक बहु-स्तरीय निगरानी तंत्र बनाया गया है ताकि कहीं भी लापरवाही या हेराफेरी की गुंजाइश न रहे। साथियों बात अगर हम सरकार के कड़क संदेश की करें तोलाभ न पहुँचाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा स्पष्ट वक्तव्य कि लाभ पहुंचाने में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, बाजार जगत को सीधा संदेश देता है। इससे यह उम्मीद की जा रही है कि व्यवसायिक वर्ग सावधानी बरतेगा और उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने में सहयोग करेगा।यह बयान केवल एक चेतावनी नहीं, बल्कि सरकार की उस गंभीरता का प्रतीक है जो वह जनता को राहत देने के लिए दिखा रही है। साथियों बात अगर हम उपभोक्ताओं को भी जागृत होने की करें तो, सिर्फ सरकार की निगरानी ही पर्याप्त नहीं है। उपभोक्ताओं को भी जागरूक होना होगा कि वे बाजार में घटे हुए कर दरों का लाभ पा रहे हैं या नहीं। यदि व्यापारी कीमत कम नहीं करता तो उपभोक्ता को शिकायत दर्ज कराने का अधिकार है। भारत में उपभोक्ता अदालतें और हेल्पलाइन मौजूद हैं, लेकिन अक्सर लोग उनका उपयोग नहीं करते। जीएसटी सुधारों का असली फायदा तभी मिलेगा जब जनता भी सक्रिय होकर अपने अधिकारों के लिए खड़ी होगी।डिजिटल बिलिंग और ई-इनवॉयसिंग व्यवस्था जीएसटी सुधारों को और प्रभावी बनाती है।अब हर लेनदेन की डिजिटल रिकॉर्डिंग होने लगी है, जिससे कर चोरी की संभावना कम होती है।इससे यह भी आसान हो जाएगा कि कर दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ता कीमतों में परिलक्षित हो रहा है या नहीं। सरकार को चाहिए कि वह डिजिटल ट्रैकिंग का इस्तेमाल कर कीमतों की वास्तविक स्थिति पर नजर रखे। साथियों बात अगर हम जीएसटी 1.0 से जीएसटी 3.0 तक का सफर की करें तो, वित्त मंत्री ने खुद स्वीकार किया कि जीएसटी 1.0 (2017) का उद्देश्य राष्ट्र को एकीकृत करना था। इसके बाद जीएसटी 2.0 (2025) का फोकस सरलता पर है, ताकि कर ढांचे को आम व्यवसायियों और जनता के लिए आसान बनाया जा सके। उन्होंने संकेत दिया कि जीएसटी 3.0 भविष्य में और भी व्यापक सुधार लेकर आएगा। संभव है कि इसमें पेट्रोलियम उत्पादों और कुछ अन्य जटिल कर ढांचों को भी शामिल किया जाए।इस तरह भारत की कर व्यवस्था धीरे-धीरे अधिक पारदर्शी और उपभोक्ता- हितैषी बन सकती है।भारत जैसे विशाल देश में महंगाई केवल कर ढांचे की वजह से नहीं, बल्कि आपूर्ति श्रृंखला, वैश्विक तेल कीमतों और मौसमी उतार-चढ़ाव पर भी निर्भर करती है। फिर भी कर कटौती से कुछ हद तक राहत मिलना तय है। यदि व्यवसायी वर्ग ईमानदारी से लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाए तो दाल, चीनी, पैक्ड फूड, कपड़े और घरेलू उपभोग की वस्तुओं की कीमतों में कमी देखी जा सकती है। यह सीधे तौर पर गरीब और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति को मजबूत करेगा।भविष्य की राह, जीएसटी 3.0 से उम्मीदें- विशेषज्ञ मानते हैं कि जीएसटी 3.0 भारत की कर व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है।इसमें न केवल पेट्रोल-डीजल को शामिल किया जा सकता है, बल्कि वर्तमान कर स्लैब को और सरल किया जा सकता है। साथ ही, छोटे व्यवसायियों के लिए अनुपालन की जटिलताओं को कम किया जा सकता है। यदि ऐसा होता है तो भारत का जीएसटी मॉडल विश्व स्तर पर एक आदर्श के रूप में प्रस्तुत होगा।*



# जल की बूंद का महत्व अगली पीढ़ी को भी समझना होगा

सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग हैपृथ्वी की सतह का लगभग 70% भाग जल से आच्छादित हैपृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97% समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है अतः मात्र 3% जल ही पीने के योग्य है, इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुष्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामतः पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है। यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे



संजीव ठाकुर

सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है। जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफ जलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी। जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार-तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा। अतः यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं। यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल संकट से विश्व को अवगत करवाते हुए जल संकट के संबंध में आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। आवश्यकता से अधिक जल प्रयोग करने से धरती का जलस्तर कृषकों की पहुंच से परे होता जा रहा है। वैश्वीकरण व उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रेरित अंधाधुंध विकास की दौड़ में जल स्त्रोतों को प्रदूषित कर मानव समाज ने स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। बढ़ती जनसंख्या भी वैश्विक जल संकट का एक बड़ा कारण है। यदि जनसंख्या की वृद्धि की रफ्तार से होती रही तो अगले दशक में वैश्विक जनसंख्या में वृद्धि की दर से 25% जनसंख्या को प्रयोग जितना ही पानी उपलब्ध हो पाएगा। यह भयानक जल संकट तथा वैश्विक खतरे की ओर इंगित करता है। वैश्विक स्तर पर जल विवाद लगातार होते रहते हैं मध्य एशिया में कैस्पियन सागर के जल बंटवारे संबंधी विवाद का समाधान तटवर्ती देशों द्वारा संधि के माध्यम से किया गया है। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो स्थिति और भी जटिल होती जा रही है देश की जनसंख्या तो विश्व की जनसंख्या का लगभग 17.5% है, लेकिन ताजे जल की उपलब्धता 1% से भी कम है। राजस्थान में स्थिति जल संकट की बड़ी भयावह है वहां जल की उपलब्धता 1% से भी बहुत नीचे जल संकट वहां की नियति बन गई है। 2040 तक भारत के तीन चौथाई शहरों को जल संकट से जूझना होगा। अब हमारा दायित्व तथा कर्तव्य होगा कि समाज को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें एवं जल संरक्षण से संबंधित विधि तथा तकनीक से परिचित कराएं एवं उसका समुचित उपयोग करें।

व्यक्ति स्वयं जल का संरक्षण करें तथा दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें ताकि हम आने वाले कल के लिए जल संकट रूपी विकराल एवं जनता हर समस्या का सामना आसानी से कर पाएं। जल संकट के महाविनाश से यदि बचना है तो जल संरक्षण हर नागरिक को एक कर्तव्य की तरह करना होगा।

# दिगम्बर जैन समाज ने पर्युषण पर्व पर निकाली भव्य शोभा रथ यात्रा

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**स्योहारा।** स्योहारा में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी दिगंबर जैन समाज ने पर्युषण पर्व के अवसर पर उत्साह पूर्वक और धूमधाम से शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान महावीर जी की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद जैन मंदिर से बहुत ही हर्षोल्लास के साथ शोभा यात्रा आरंभ हुई जो अपने परंपरागत मार्ग से होते हुए जैन मंदिर पर ही आकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में सुंदर-सुंदर झांकीयो पर छोटे बच्चे मनमोहक अंदाज में सौधर्म इंद्र, ईशान इंद्र तथा महेंद्र इंद्र का रूप धारण किए हुए विराजमान थे। दिगम्बर जैन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष शोभित जैन, वरिष्ठ समाजसेवी एवं ट्रांसपोर्टर संजय जैन, वरिष्ठ समाजसेवी परेश जैन उर्फ बाबा जैन, संजीव कुमार उर्फ दीपू जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि पर्युषण पर्व त्याग, उपासना, प्रेम, शांति का प्रतीक है भगवान महावीर जी अपने उपदेशों में कहा है कि मानव को हमेशा इंसानियत के लिये काम करने चाहिए और इंसान को हमेशा अपने मन में दया भाव रखते हुए समाज के लिए काम करना चाहिए क्षमा करने वाला बहुत बड़ा होता है किसी से द्वेष भावना नहीं रखनी चाहिए। शोभा यात्रा से पहले जैन समाज द्वारा चेयरमैन फैसल वारसी, समाज सेवी डा, मनोज वर्मा, चौधरी फहीम उर रहमान, पूर्व चेयरमैन हाजी अख़्तर जलील, व पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। जबकि मनिहारान मस्जिद चौक अपने निवास पर चेयरमैन फैसल वारसी और उनकी टीम शामिल जुनेद मलिक, डा राशिद, रईस, कासिम, अजीम चौधरी, वारिस चौधरी, आदि ने शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया। साथ ही बड़े बाजार में भाजपा व व्यापारी नेता अरुण वर्मा के प्रतिष्ठान पर उनके पुत्र एड.अमित वर्मा द्वारा शोभा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। तो शाही मार्केट में भाजपा नेता नईम इदरीसी उर्फ दिल्ली टेलर और अनिन नईम ने भी स्वागत किया। शौभा यात्रा में संजय जैन, वरुण जैन, अरविंद जैन, पराग जैन, मोहित जैन, बाबा जेन, प्रदीप जैन, शरद चंद जैन, शरद जैन, शरद कुमार, सरल जैन, आकाश जैन, निशु जैन, अंकुर जैन, पंकज जैन, दीपक जैन, गौरव जैन, अंनत जैन तथा महिलाओं में अंजू जैन, ऋतु जैन, सुरभि जैन, शालीन जैन आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा जनपद में यातायात व्यवस्था/रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा यूपी पीईटी (प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा) परीक्षा-2025 के दृष्टिगत जनपद में यातायात व्यवस्था एवं रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेलवे स्टेशन पर यूपी पीईट परीक्षा-2025 देने हेतु विभिन्न जनपदों से आये परीक्षार्थियों से पुलिस अधीक्षक, रामपुर ने भेंटकर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की, परीक्षार्थियों द्वारा बतायी गयी समस्याओं के त्वरित निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा दिये गये निर्देशः- परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुँचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित रखा जाये। रेलवे स्टेशन एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# श्री गणपति विसर्जन शोभायात्रा निकाली



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

नूरपुर. श्री गणपति महोत्सव के पावन पर्व पर नूरपुर मंडल के गांव पीपला जागीर मे भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल व भाजपा नेता पुनीत चौधरी ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभा यात्रा का कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। व विभिन्न स्थान पर आयोजित शोभा यात्रा मे सम्मिलित होकर भगवान गजानन से प्रार्थना की, कि वे अपने सभी भक्तों को सुख, समृद्धि प्रदान करे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के महामन्त्री वीरप्रकाश सिंहभुइयार, ईशमपाल चौधरी, मंडल मन्त्री विनोद पीबाल, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनिकेत घाघट, आदि मौजूद रहे।

# श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक महाविद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार शर्मा तथा कॉलेज स्टाफ ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किए।

इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन महान दार्शनिक, शिक्षक व एक कुशल राजनीतिज्ञ थे। 1954 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनके आदर्शो को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है। अतः शिक्षक को सदैव अपने ज्ञान रूपी दीपक से समाज में ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित करनी चाहिए। कॉलेज के प्रबंध निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री ने शिक्षकों से सदैव शिक्षा के प्रति समर्पित रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षक को कभी भी स्वाध्याय से विमुख नहीं होना चाहिए। अन्यथा शिक्षक के अंतःकरण में ज्ञान रूपी तप समाप्त होने लगता है। इस अवसर पर कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ आरपी सिंह, डॉ दिलीप कुमार, छाया राजपूत, डॉ शिवाली राजपूत, सुषैन बाबू शर्मा, सचिन कुमार, सोनू कुमार, विवेक कुमार, प्रशांत चौधरी, ललित शर्मा, राकेश कुमार, डॉ वरुण कुमार, रुचि राजपूत, शनि चौहान, प्रदीप कुमार, गौरव, नीशु देवल, शनि चौहान आदि मौजूद रहे।

# मेले का उद्घाटन स्काउट गाइड गर्ल्स से फीता कटवाकर कराया गया



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** थाना सैफनी क्षेत्रान्तर्गत आयोजित भूड़ा आश्रम मेले का उद्घाटन जिलाधिकारी, रामपुर एवं पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा सम्भ्रान्त व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मेले का उद्घाटन स्काउट गाइड गर्ल्स से फीता कटवाकर कराया गया, जो महिला सशक्तिकरण और युवाओं की सहभागिता को दशार्ता है। जिलाधिकारी, रामपुर एवं पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए।

# पुलिस ने चोरी के तीन पंखे व एल्युमिनियम तार के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**नहटौर।** ग्राम रजानगर निवासी श्रीमती संतोष देवी पत्नी शिवचरण सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके घर की छत से अज्ञात चोरों ने तीन पंखे और एक होम थिएटर चोरी कर लिए। तहरीर मिलने के बाद थाना नहटौर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की जांच में चोरी में शामिल आरोपियों के नाम सौरभ पुत्र हेमराज और गजेन्द्र सिंह पुत्र मौहर सिंह, दोनों निवासी ग्राम सुहागपुर थाना स्योहारा जनपद बिजनौर, सामने आए। शनिवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए तीन पंखे, नौ पंखुड़ी और 15 मीटर एल्युमिनियम तार बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि एल्युमिनियम का तार उन्होंने ग्राम फरीदाबाद उर्फ फरीदपुर के एक खेत के नलकूप से चोरी किया था गिरफ्तार आरोपी सौरभ पुत्र हेमराज निवासी ग्राम सुहागपुर थाना स्योहारा। गजेन्द्र सिंह पुत्र मौहर सिंह निवासी ग्राम सुहागपुर थाना स्योहारा। बरामदगी तीन छत के पंखे मय पंखुड़ी 15 मीटर एल्युमिनियम केबल पुलिस टीम उपनिरीक्षक सोनू निगम कांस्टेबल राहुल यादव कांस्टेबल विक्रांत राणा शामिल रहें।

# भारतीय जीवन बीमा निगम नजीबाबाद शाखा ने किया एक संगोष्ठी का आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद। भारतीय जीवन बीमा निगम नजीबाबाद शाखा के विकास अधिकारी भोले सिंह ने अपने अभिकताओं के साथ नजीबाबाद के चंद्रयान होटल में एक संगोष्ठी आयोजित की। रविवार को भारतीय जीवन बीमा निगम नजीबाबाद शाखा के विकास अधिकारी भोले सिंह ने अभिकताओं के साथ मीटिंग का आयोजन कर उनका उत्साह बढ़ाया। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य अभिकताओं के ज्ञान में वृद्धि करना रहा। विकास अधिकारी भोले सिंह ने अपने अभिकताओं की दिनचर्या पर चर्चा की। अभिकताओं को भारतीय जीवन बीमा निगम की नई व पुरानी पॉलिसी के बारे में समझाया।

मीटिंग का आयोजन सुबह के चाय नाश्ते के बाद लगभग 10 बजे किया गया। मीटिंग के मुख्य अतिथि शाखा अध्यक्ष ऋषभ कपूर एवं उनके सहायक शाखाध्यक्ष अरविंद कुमार रहे, जिनका स्वागत भोले सिंह के वरिष्ठ अभिकताओं ने शॉल ओढ़ाकर किया। मीटिंग में लगभग 70 अभिकर्ता शामिल रहे। मीटिंग का समापन लगभग 2 बजे मध्याह्न भोजन के उपरान्त किया गया।

# गुलदार ने 10 वर्षीय बच्ची को बनाया शिकार, घर के बाहर खेल रही थी मौके पर मौत

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** नगीना देहात थाना क्षेत्र के कान्हेड़ा गांव में शुक्रवार को गुलदार ने 10 वर्षीय बच्ची पर हमला कर उसकी जान ले ली। बच्ची घर के बाहर खेल रही थी, तभी गुलदार ने अचानक हमला कर दिया और उसे करीब 20 मीटर दूर गन्ने के खेत की ओर घसीट ले गया। मृतका की पहचान लखीमपुर निवासी प्रेम की बड़ी बेटी गुड़िया (10) के रूप में हुई है। प्रेम पिछले तीन साल से गांव के डेरा प्रमुख अमनदीप सिंह के यहां खेती-बाड़ी और पशुपालन का कार्य करता है। उनके तीन बच्चों में गुड़िया सबसे बड़ी थी घटना के समय बच्ची के पिता प्रेम की आवाज सुनकर गुलदार जंगल की ओर भाग गया, लेकिन तब तक गुड़िया की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों के शोर मचाने पर भी गुलदार भाग खड़ा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया। डेरा प्रमुख अमनदीप सिंह ने बताया कि बच्ची घर के बाहर खेल रही थी, तभी गुलदार ने आकर हमला कर दिया और उसे खेत की ओर खींच ले गया। नगीना सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कान्हेड़ा गांव में गुलदार द्वारा बच्ची पर हमले की घटना की जानकारी मिली। परिजनों की मौजूदगी में पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

# जिला अधिकारी कार्यालय में जहरीले सांप ने मचाया हड़कंप

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** जिला अधिकारी कार्यालय परिसर में रविवार को अचानक एक जहरीला सांप दिखाई देने से अफरा-तफरी मच गई। कार्यालय में मौजूद कर्मचारी और आम लोग जब सांप को देखते ही डर के मारे इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और एहतियात बरतते हुए लोगों को सुरक्षित क्षेत्र में ले गए। इसके बाद वन विभाग की टीम को बुलाया गया, जिसने घंटों की मेहनत और सावधानी के बाद सांप को पकड़ने में सफलता हासिल की। टीम ने सांप को सुरक्षित कंटेनर में रखा और बाद में इसे जंगल में छोड़ने की तैयारी की। सांप की अचानक मौजूदगी के कारण कार्यालय परिसर में काफी देर तक तनाव और दहशत का माहौल बना रहा। कर्मचारियों ने प्रशासन की तत्परता की सराहना की और कहा कि समय पर कार्रवाई न होती तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सतर्क रहें और सांप जैसी जंगली प्रजातियों को परेशान न करें।

# भाकियू की बैठक में संगठन विस्तार एवं आपसी एकता पर हुई चर्चा

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की बैठक में संगठन विस्तार और आपसी एकता पर चर्चा करने के साथ ही संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। शनिवार की रात मोहल्ला मनिहारान स्थित मजहर लाला के आवास पर आयोजित बैठक में संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान पर चर्चा हुई। इस दौरान नए लोगों ने उत्साह के साथ भाकियू की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में किसानों के हितों को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया, साथ ही संगठन को मजबूत करने और आपसी एकता बनाए रखने पर जोर दिया गया। मजहर लाला ने कहा कि भाकियू किसानों की आवाज को बुलंद करने के लिए प्रतिबद्ध है, और नए सदस्यों के जुड़ने से संगठन और सशक्त होगा।

बैठक में उपस्थित लोगों ने किसानों के अधिकारों और कल्याण के लिए एकजुट होकर कार्य करने का प्रण लिया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष मजहर लाला, नगर युवा अध्यक्ष फरीद खां, नगर सचिव मो0 रफीक, हसीन खां, मो० फारूक, मो0 मुस्तकीम, मो0 साकिब, फरजन्द अली, मौलाना सबूर, निजामुद्दीन, मो० फैजान, लियाकत अली, अब्दुल अलीम और रियासत अली आदि मौजूद रहे।

# विकसित उत्तर प्रदेश के सपने साकार करने में महत्वपूर्ण है आपकी भूमिका,क्यूआर कोड़ करे स्कैनः अभिषेक पाण्डेय

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**




**हापुड़।** विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेशका सपना केवल सरकार का नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश का साझा लक्ष्य है। सरकार की कोई भी योजना तभी सफल होती है, जब जनता उसे विश्वास और सक्रिय सहभागिता के साथ आगे बढ़ाती है।विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना भी हर प्रदेशवासी के सहयोग से ही साकार होगी।

विजन 2047 हमारे लिए एक संकल्प है। यह एक ऐसा संकल्प कि हम उत्तर प्रदेश को न केवल भारत का सबसे सशक्त और समृद्ध राज्य बनाएँगे, बल्कि दुनिया के सामने विकास, संस्कृति और मानवीय मूल्यों का आदर्श भी पेश करेंगे। हम वो प्रदेश बनाएंगे जो न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में अपने विकास, अपनी तकनीकी ताकत, अपने उद्योग और अपनी अद्वितीय संस्कृति के लिए जाना जाएगा। जहाँ विकास की गंगा और परंपरा की यमुना साथ-साथ बहेंगी। आइए, हाथ से हाथ, मन से मन और कदम से कदम मिलाकर हम सब इस महान यात्रा का शुभारंभ करें। उक्त उद्गार विजन 2047 के मिशन पुस्तिका से लिये गये हैं।

जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने विजन 2047 के तहत अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी भारतीय हैं और उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश का संकल्प सिर्फ सरकार का नहीं हैं अपितु हम सभी का हैं। इसलिए इस मुहिम में एक जुटता दिखाते हुए अपने विचारों को प्रकट करें। आपके विचारों से सरकार के पास अवश्य ही कोई नवाचार आयेगा जिससे विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को शीघ्र व शानदार तरीके से पूर्ण कर पायेंगे। इसलिए सोचिए मत अपना फोन उठायें क्यूआर कोड़ को स्कैन करें या https://samarthuttarpradesh.up.gov.in पर जाएं और सुझाव देने के लिए यहां क्लिक करें पर क्लिक करें और अपना मोबाईल नम्बर डालकर ओटीपी डाले और अपने विवरण के साथ साझा करें उत्तर प्रदेश को विकसित बनाने हेतु अपने विचार। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय इस अवसर पर कहा कि किसी भी कार्य को पूर्ण करने के लिए जागरूकता एक अहम हिस्सा है और जागरूकता हेतु प्रचार–प्रसार होना अत्यंत जरूरी है जिसके लिए मीडिया एक महत्पूर्ण कड़ी हैं जो कि लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ भी हैं। मेरा सभी मीडिया बन्धुओं से निवेदन हैं इस मुहिम का हिस्सा बनते हुए इस जानकारी को अधिक से अधिक प्रचारित व प्रसारित करें जिससे जन–जन को उक्त जानकारी प्राप्त हो सके और प्रत्येक जन विकसित उत्तर प्रदेश बनाने की मुहिम में अपने विचारों के माध्यम से अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके।

## जोगिया क्षेत्र में चोरी का प्रयास विफलःदो गांवों में चोरों ने दी दस्तक

**जोगिया/सिद्धार्थनगर।** जोगिया थाना क्षेत्र के निपानिया और टिकरिया गांव में चोरों ने चोरी का प्रयास किया। निपानिया गांव में रात करीब 11:30 बजे की घटना है। बाहर सो रहे दो भाई सचिन और विष्णु को चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने सचिन का मुंह बंद करने का प्रयास किया। इसी दौरान विष्णु की नींद खुल गई। चोरों ने मच्छरदानी में लगे डंडे से विष्णु के सर पर प्रहार किया। शोर सुनकर ग्रामीण जमा हो गए और चोर भाग निकले। टिकरिया गांव में रिटायर्ड कर्मचारी नंदलाल श्रीवास्तव के घर भी चोरों ने दस्तक दी। चोरों ने घर के पीछे दीवार तोड़ने का प्रयास किया। खटखटाने की आवाज सुनकर श्रीवास्तव जाग गए। उन्होंने परिजनों को सूचित किया, जिसके बाद चोर फरार हो गए।कोतवाली प्रभारी मीरा चौहान ने बताया कि सूचना मिलते ही दोनों गांवों में पुलिस टीम भेजी गई।

# गंगौली से पुरैना संपर्क मार्ग बदहाल , राहगीर परेशान

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के पुरैना गांव को पैड़ी से दानूकुइयां मार्ग से जोड़ने वाला संपर्क मार्ग बदहाली का शिकार है। मरम्मत के दो साल के अंदर ही सड़क पर गहरे गहरे गड्ढे बन गये हैं। जो कि राहगीरों सहित क्षेत्रवासियों की परेशानी का कारण बना हुआ है। जानकारी व मांग के बाद भी संबंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं।

सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के पुरैना को पैड़ी से दानूकुइयां मार्ग से जोड़ने वाला संपर्क मार्ग जो कि लगभग डेढ़ किमी है। इस सड़क के निर्माण की मांग को लेकर 25 फरवरी 2022 को वृहद आंदोलन हुआ था जिसके बाद प्रशासन द्वारा 14 मार्च 2022 को निर्माण कार्य शुरू हुआ था। दो साल पहले इस पर मरम्मत का काम भी हुआ लेकिन वर्तमान में स्थिति यह है कि इस सड़क पर गिट्टियां उखड़ने से सड़क पर गहरे गहरे गड्ढे बन गये हैं जो कि राहगीरों सहित क्षेत्रीय ग्रामीणों की परेशानी का सबब बना हुआ है। दर्जनों स्कूलों की बसें इसी मार्ग से आती जाती हैं।

क्षेत्रीय ग्रामीण हबीबुर्रहमान प्रधान, शमीम अहमद पूर्व प्रधान, , नूर मुहम्मद, अली अहमद, अब्दुल हई, सेराजुदीन, सफील अहमद, ऐनुलाह, अब्दुल अहद, अहमदुल्लाह, अतीउल्लाह, ग्रामवासी पुरैना राम बसंत, राजकुमार, मुहम्मद नसीम, इजहार अहमद, अजीजुर्रहमान ग्रामवासी गंगौली आदि ने प्रशासन से सड़क निर्माण कार्य कराये जाने की मांग किये हैं।

# सभासद के चाचा का हृदय गति रुक जाने से निधन

**संतकबीरनगर।** नगरपंचायत मगहर के मोहल्ला तिवारी टोला वार्ड नम्बर7 के सभसद अवधेश कुमार सिंह के चाचा एडवोकेट शेर बहादुर सिंह उम्र78वर्ष का रविवार को तड़के हृदय गति रुक जाने से अचानक निधन होगया ।उनके निधन की खबर सुनते ही नगर व आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गयी ।उनके ग्राम बघुआ स्थित घर पर अंतिम दर्शन करने वालों का तांता लगा रहा ।जिनको अयोध्या धाम स्थित सरयू तट पर हिदू रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि नूरुज्जमा अंसारी ने बताया की स्वर्गीय एडवोकेट शेर बहादुर सिंह हमारे अभिभावकों में से एक रहे हैं ।उनके आकस्मिक निधन पर हम सभी दुखी हैं ।उनकी आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना करते हैं ।वह लोगों की बराबर मदद किया करते थे ।अधिशाषी अधिकारी वैभव सिंह ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये उनके आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना करते हुये कहा कि शोकसंतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदन करे ।सभासद अवधेश सिंह ने रुंधे हुये स्वर में बताया कि उनके पिता चार भाइयों में सिर्फ उनके चाचा शेर बहादुर सिंह ही बचे रहे आज ईश्वर ने उन्हें भी हमसे छीन लिया ।वह हमारे मार्ग दर्शक व अभिभावक रहे हैं ।उनके दो पुत्र भूपेंद्र सिंह जो एक प्राइमरी स्कूल में सहायक अध्यापक व दूसरे पुत्र पुलिस विभाग में दीवान के पद पर कार्यरत हैं ।उनके आकस्मिक निधन से पूरा परिवार शोक में है ।ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में पूर्व चेयरमैन संगीता बर्मा, सभासद आतिफ ओबैद,इंजियर अहमद आलम,संजय दूबे,सभासद मेहदी हसन,सभासद अतुल श्रीवास्तव, सभासद कृष्णचंद सैनी,सभासद प्रतिनिधि सुहेल अख्तर,राहुल कन्नौजिया,त्रिलोकीनाथ बर्मा,सभासद प्रतिनिधि अहमद अली,विजयप्रकाश कान्दू,विजयप्रताप त्रिपाठी,अलकेश गुप्ता,अजय सिंह बर्मा, विशाल सिंह,दिनेश गिरी आदि रहे हैं।

# बेखौफ चोरियों से ग्रामीणों मे दहशत का महौल, रतजगा करना बनी मजबूरी

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बढ़नी,सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थानाक्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों ने ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। बीते दिनों कई घरों में हुई बेखौफ चोरियों के बाद ग्रामीण परेशान हो उठे हैं और रात भर जगकर घर की रखवाली में पहरेदारी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चोर शातिर हैं। वह ड्रोन कैमरों से घरों की रेकी कर रहे है। इससे उनका डर और भी बढ़ गया है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरगदवा, पिपरा, मुझहना, धनौरा, गुलरी, सेमरहवा, औरहवा, भरौली, टीसम, रौनीहवा सहित देबरुआ थाना के अधिकतर गांवों में लोग पहरा दे रहे है। वहीं बरगदवा गांव मे युवा सलीम सुल्तान के साथ दुर्गेश यादव, सलमान, गुरु प्रसाद यादव, केशव पांडे, जय करन राजभर, मोहन राजभर, मुख्तार, चिंकू राजभर, रामशब्द गुप्ता, प्रिंस श्रीवास्तव, रोहित यादव आदि लोग मिलकर खुद ही रात में टोली बनाकर गांव मे पहरा दे रहे हैं।

ग्रामीण युवा सलीम सुल्तान का कहना है कि रात भर जागने के कारण उनका दिन का काम धंधा भी प्रभावित हो रहा है। वह सभी इस स्थिति से बेहद परेशान हैं। बीते 10 दिनों में ही क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन घरों में चोरी की वारदातें हुई हैं। जब तक चोर पकड़े नहीं जाते तब तक चोरी की घटनाएं बढ़ने की आशंका बनी है। कुछ गांवों में अफवाह है कि चोर गांव के बाहर दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इन वारदातों का खुलासा करने की गुहार लगाई है।

# ई-रिक्शा व स्कॉर्पियो गाड़ी की आमने-सामने भिड़ंत में ई रिक्शा चालक की मौत

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सरावनी में रविवार को ई-रिक्शा और स्कॉर्पियो गाड़ी की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस दौरान हादसे में ई रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई जो गांव सरावनी निवासी ई रिक्शा चालक इस्लामुद्दीन बताया गया। इस्लामुद्दीन की मौत की सूचना जैसे ही गांव में फैल गई देखते देखते घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और हंगामा करते हुए गाड़ी चालक को घेर सड़क पर ही जाम लगा दिया।

घटना की सूचना कुछ लोगों ने स्थानीय पुलिस को दी लोगों की सूचना पर पहुंची थाना बाबूगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंच स्थिति पर काबू पाया और लोगों को समझा बूझकर जाम खुलवाया , पुलिस द्वारा कार चालक पर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए अपने साथ ले जाने लगी। लेकिन आक्रोशित भीड़ ने स्कॉर्पियो गाड़ी को आग लगा दी और चारों तरफ अफरा तफरी मच गई।

घटना की जानकारी मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने मौके पर पहुंच स्थिति पर काबू पाया। इस दौरान कई थाने नों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

# बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनना निश्चित हैः राजकीशोर उर्फ पप्पू

**वेलकम इंडिया एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली।** भाजपा नेता पूर्व विधायक राजकिशोर उर्फ पप्पू यादव ने दिल्ली में रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा बिहार विधानसभा 2025 भी फिर से एनडीए की सरकार बनना तय है। बिहार में एनडीए की सरकार ने बहुत काम किया है और आगे भी बिहार को एक खूबसूरत विकसित राज्य प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बहुत किया जाना है, बिहार की जनता इस बार एनडीए को फूल बहुमत से सरकार बनाने में अपना योगदान दे रही है। पूर्व विधायक ने कहा आने बिहार में रोजगार का हब होगा हाल कटोरियां विधानसभा में सीमेंट का फैक्ट्री लगाया जा रहा है वहां हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा, पूर्व विधायक ने कहा कांग्रेस बिहार में झूठ फैला रही है गरीब आदमी के भावनाओं से खेल रही है, कांग्रेस ने कहा बिहार में गरीबों को मुफ्त में 25 लाख का इलाज किया जायेगा तो पहले कांग्रेस के नेता लाइव आए और बिहार की को बताए 25 लाख मुफ्त कैसे इलाज होगा बिहार प्रदेश अध्यक्ष ये बताएं कैसे लाभ मिलेगा इतना पैसा कहा से आयेगा, महागठबंधन सिर्फ लोगो की उम्मीद भावनाओ इमोशनल से खेलना बंद कर दे। बांका जिला के 5 विधानसभा सीट पर सभी विधायक बीजेपी उम्मीदवार को ही जीत निश्चित हागी। निश्चय फिर से नीतीश कुमार और एनडीए की सरकार बनना निश्चित है।

# थाना मौर्य एन्क्लेव की बड़ी कार्यवाही: 2 ,800 क्वार्टर अवैध शराब बरामद

**वेलकम इंडिया एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली।** नॉर्थ वेस्ट डिस्टिक थाना मौर्य एन्क्लेव की टीम ने एक शराब तस्कर को दबोचा। आरोपी पंकज शर्मा आदतन व सक्रिय अपराधी है, पूर्व में भी एक अन्य आपराधिक मामले में संलिप्त पाया गया।

थाना मौर्य एन्क्लेव की टीम ने सक्रिय अवैध शराब सप्लायर को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान (1) पंकज शर्मा पुत्र अशोक शर्मा निवासी बहादुरगढ़, हरियाणा, आयु-38 वर्ष के रूप में हुई। ऑपरेशन के दौरान कुल 2,800 क्वार्टर अवैध शराब तथा एक टेम्पो वाहन बरामद किया गया। आरोपी पूर्व में एक अन्य आपराधिक मामले में भी शामिल पाया गया है। पूछताछ में आरोपी ने आसान पैसे कमाने की लालच में अवैध गतिविधियों में लिप्त होने की बात कबूल की।

दिनांक 06.09.2025 को थाना मौर्य एन्क्लेव के एचसी प्रदीप और एचसी हरिंदर सिंह क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान केपी मार्केट, पीतमपुरा इलाके में उन्हें एक संदिग्ध एलजीवी टेम्पो (पंजीकरण संख्या ऊछ-1छ-अट-4715) दिखाई दिया। वाहन चालक की पहचान पंकज शर्मा पुत्र अशोक शर्मा निवासी बहादुरगढ़, हरियाणा, आयु 38 वर्ष के रूप में हुई।

शक के आधार पर वाहन को रोका गया और चेकिंग करने पर उसमें से हरियाणा निर्मित अवैध शराब के 56 कार्टन (कुल 2,800 क्वार्टर) बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका और न ही बरामद शराब की ढुलाई का संतोषजनक जवाब दे सका। इस संबंध में थाना मौर्य एन्क्लेव में एफआईआर संख्या 365/25, धारा 33/38/58 दिल्ली आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पूर्व में एक अन्य आपराधिक मामले में भी शामिल पाया गया। उसने आसान पैसे कमाने के लिए अवैध कार्य करने की बात स्वीकार की।

# खेत में काम कर रहे किसान पर गिरी आकाशीय बिजली, मौके पर हुई मौत

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**मिश्रौलिया/सिद्धार्थनगर।** जनपद के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर मिठौवा टोला मस्जिद डीह में दोपहर 2:30 बजे आकाशीय बिजली गिरने से किसान रफीक की मौत हो गई।

रफीक अपने धान के खेत में मेड़ बांधने का काम कर रहा था। तेज बारिश के दौरान खेत से पानी बाहर न जाए, इसलिए वह मेड़ की मरम्मत में जुटा था। इसी दौरान आसमान से गिरी बिजली ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं पत्नी और बच्चों का चीखपुकार रोता हुआ देख गांव वालों के भी आंखों मे आशू आ गये।

मृतक के परिवार में पत्नी और तीन छोटे बच्चे हैं। बच्चों की उम्र 10, 7 और 2 साल है। रफीक छह महीने पहले तक दिल्ली में मजदूरी करता था। वापस लौटने के बाद वह सेटरिंग मिस्त्री के रूप में दिहाड़ी मजदूरी कर रहा था। उसकी कमाई से ही घर का खर्च चलता था।परिवार में बुजुर्ग पिता गुलाब भी हैं।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बारिश से भीगे शव को घर लाया गया। पूरे गांव में शोक की लहर है। पत्नी बार-बार बेहोश हो रही हैं। मासूम बच्चे पिता के शव के पास रो रहे हैं। वृद्ध पिता सदमे में हैं।

इस हादसे ने एक परिवार की आर्थिक कमर तोड़ दी है। रफीक अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। अब परिवार के सामने भरण-पोषण की चुनौती खड़ी हो गई है।

# चोरी की शक मे संदिग्ध युवती को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**जोगिया/सिद्धार्थनगर।** जोगिया थाना क्षेत्र के नादेपार गांव में रविवार की रात लगभग 9:30 बजे ग्रामीणों ने एक संदिग्ध युवती को पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस संदिग्ध युवती को थाने पर ले जाकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार, देर रात गांव के तरफ बंधे के पास एक संदिग्ध युवती की मौजूद्गी की शंका हुई। शोर सुनते ही पहरा दे रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इस दौरान युवती ग्रामीणों को देखकर भागने लगी। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उसे पकड लिया और गांव में लाकर पूछताछ की ।पूछताछ के दौरान वह युवती अपना नाम नहीं बता रही थी। ग्रामीणों को संदेह होने पर उसकी सूचना डायल 112 व जोगिया पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची जोगिया पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी।

# प्रतिबंध 78 लाख 50 हजार रुपये की करेंसी के साथ 6 लोग गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जंय ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि वर्ष 2016 में नोट बंदी के दौरान बंद हुए एक हजार व पांच सौ रुपये के पुराने नोटों का जखीरा बरामद कर जनपदीय स्वाट टीम व थाना हापुड़ नगर पुलिस ने 6 लोगों को को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से प्रतिबंध करेंसी 78 लाख,50 हजार रुपये, अवैध असलहा व 6 मोबाइल फोन बरामद किए हैं पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तगणो ने बताया कि टैलीग्राम ऐप के माध्यम से आपस में एक-दूसरे से सम्पर्क में रहते थे और इसी ऐप के माध्यम से ही जनता के लोगों से सम्पर्क कर उन्हें पुरानी करेन्सी के बदले नई करेंसी देने का लालच देकर पुरानी करेंसी प्राप्त करते थे तथा प्राप्त पुरानी करेंसी को अपने कॉन्टेक्टर जो इसी एप के माध्यम से सम्पर्क में रहता था, उनको भेज देते थे जिसके बदले में अभियुक्तों को अच्छा खासा कमीशन मिलता था। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त नरेन्द्र कुमार पुत्र प्रवीण कुमार निवासी चन्डी रोड मौ० नवीकरीम निकट मोती मस्जिद, सफीक अहमद पुत्र रफीक अहमद निवासी जामुन वाली मस्जिद के पीछे पीरबाहुद्दीन,विकास उर्फ विक्की पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी राजीव विहार ग्रीनवैली मण्डप के पीछे,अनस पुत्र शकील निवासी मोती कालोनी धोबी वाली गली थाना हापुड़ नगर व रामअवतार पुत्र रामचरण सिंह निवासी ग्राम गुरेर थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद तथा हितेश उर्फ शालू पुत्र केवल किशन निवासी पंजाबी कालोनी नयी बस्ती निकट गुरुद्वारा थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है।

# पच्चीस अनुदेशकों को मिला नियुक्ति पत्र

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश में युवाओं को रोजगार देने का एक नया अध्याय जुड़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ के लोक भवन सभागार में 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इनमें सिद्धार्थनगर के 25 अनुदेशक भी शामिल हैं ।कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद के अम्बेडकर सभागार में किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान और जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. मौजूद रहे। आईटीआई की छात्राओं ने स्वागत गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने पारदर्शी तरीके से यह भर्ती की है। ये नियुक्तियां व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास विभाग में की गई हैं। डीएम ने नवनियुक्त अनुदेशकों से कहा कि वे युवाओं को बेहतर कौशल प्रशिक्षण दें। इससे जिले में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि योगी सरकार में भर्तियां पारदर्शी तरीके से हो रही हैं। इससे मेहनती छात्रों को मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ये नियुक्तियां युवाओं के भविष्य को मजबूत बनाएंगी। इस दौरान नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई डुमरियागंज के द्वारा जिला अध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान एवं डीएम डॉक्टर राजा गणपति आर एवं अन्य सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ट्रैक्टर बाढ़ ग्रस्त ग्राम तिवारीपुरम यमुनापार में जलस्तर का जायजा लिया

वेलकम इंडिया



**मथुरा**। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने यमुना जी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण लिया। उन्होंने तहसील महावन के लक्ष्मी नगर क्षेत्रांतर्गत विशाल मैरिज होम में स्थापित बाढ़ शरणालय स्थल / शेल्टर होम का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से वार्ता की, सभी का कुशलक्षेम जाना तथा केंद्र में प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि सभी क्षतिग्रस्त मकानों एवं फसलों का सर्वे किया जाएगा तथा सभी को मुआवजा दिया जाए। उन्होंने सभी को संयम / धैर्य बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 1/2 दिनों में सभी चीजें सामान्य हो जाएंगी। किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है।

विशाल मैरिज होम के निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने यमुना जी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने हेतु सुभाष इंटर कॉलेज यमुनापार का जायजा किया। उन्होंने कॉलेज के परिसर एवं ग्राउंड का अवलोकन किया तथा पशुओं को उक्त स्थान पर शिफ्ट करने हेतु उप जिलाधिकारी महावन कंचन गुप्ता को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने पशुओं हेतु भूसा, हरा-चारा, शेड, पानी आदि की व्यवस्था हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पशु भूखा नहीं रहना चाहिए। प्रशासन के पास प्रयाप्त भूसा एवं हरा चारा है।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना जमुनापार क्षेत्रान्तर्गत स्थित बाढ़ ग्रस्त ग्राम तिवारीपुरम निकट रेलवे पुल यमुनापार का ट्रैक्टर के माध्यम से निरीक्षण किया।

## सड़क हादसे में पूर्व सैनिक की मौत

**बागेश्वर**। कपकोट तहसील के फरसाली निवासी 52 वर्षीय देवेंद्र कोश्यारी पुत्र राजेंद्र सिंह कोश्यारी की सड़क हादसे में मौत हो गई है। कपकोट पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व सैनिक स्कूटी से शनिवार की रात फरसाली से बागेश्वर जा रहे थे। करीब 11 बजे गोलना के पास उनकी स्कूटी रपट गई और वह सड़क पर गिर गए। इस हादसे में उनकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची।जहाँ घायल अवस्था मे उन्हें अस्पताल ले जाया गया पर अस्पताल पहुंचने पर उन्हें चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



# मकान में काम कर रहे मजदूर की हाईटेंशन लाइन का करंट लगने से मौत

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर**। कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत मंडलसेरा के भनारगांव में मकान में लिंटर डालते समय एक मजदूर हाईटेंशन तार के करंट की चपेट में आ गया।हादसे के बाद मजदूर करंट की चपेट में आने से झुलस गया।

घटना के बाद वहां कोहराम मच गया।तभी आनन फानन में आसपास के लोग घायल 45 वर्षीय सुंदर राम पुत्र नंदन राम को जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉ. साक्षी ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।
शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया।मामले की सूचना मिलते ही ऊर्जा निगम के अधिकारी कर्मी भी जिला अस्पताल पहुंचे।जहां उन्होंने घटना की जानकारी ली। वही करंट लगने से मजदूर की मौत होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।बताया जा रहा है कि मृतक मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।मृतक के चार छोटे बच्चे हैं। करंट लगने की घटना के बाद अब जिला प्राधिकरण और ऊर्जा निगम के खिलाफ लोगों में रोष उपजने लगा है।मृतक के परिजनों ने इसे ऊर्जा निगम की और प्राधिकरण की अनदेखी बताते हुए हो रहे मनमाने निर्माण कार्यों में गरीबों को परेशानी और रसूखदारों द्वारा खुलेआम बिना नियमों के ही जगह जगह निर्माण कार्य होने और पैसे वालों पर मेहरबानी और दिनरात मेहनत कर अपना आशियाना बनाने की चाहत रखने वाले गरीबों को परेशानी होने के आरोप लगाते हुए मजदूर की मौत के लिए ऊर्जा निगम और जिला प्राधिकरण को हादसे का जिम्मेदार मानते हुए अब तक हुए खुलेआम निर्माण कार्यों की जांच और मृतक के परिजनों को भरण पोषण हेतु उचित मुआवजा देने की मांग की है।वही बागेश्वर संघर्ष वाहिनी के जिलाध्यक्ष कवि जोशी ने इसे प्राधिकरण विभाग और ऊर्जा निगम की लापरवाही मानते हुए जिलाधिकारी से इसकी उच्चस्तरीय जांच और न्यायालय द्वारा मामले का संज्ञान लेते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



## जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रदान किए नियुक्ति पत्र




**मथुरा**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ( आइटीआई ) में चयनित अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। प्रदेश के सभी जिलों के साथ मथुरा कलेक्ट्रेट सभागार में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर चयनित अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवचयनित अनुदेशकों को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ह्लसबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वासह्व के मंत्र के साथ निरंतर कार्यरत है। देश के सबसे अधिक युवाओं वाले प्रदेश की युवा आकांक्षाओं को देखते हुए उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। आप लोग अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। आप लोगों को बड़े भाग्य से यह अवसर मिला है। यह नियुक्ति पत्र नहीं सम्मान पत्र है। अपने कार्य क्षेत्र में जाए तो कर्तव्य पथ पर अडिग रहें। अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। व्यक्ति की अच्छे कार्यों से ही समाज में अलग पहचान बनती है। इस मौके पर नवचयनित आठ अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

## पौसारी गांव में हुई आपदा में मारे गए पांच व्यक्तियों में चौथा शव हुआ बरामद

**बागेश्वर**। पौंसारी के खाइजर तोक में 28 अगस्त की रात को बादल फटने



के कारण हुए भूस्खलन में दो परिवारों के पांच लोग मलबे में दब गए थे।जिसमें रेस्क्यू अभियान में तीन मृतकों के शव पहले ही बरामद किए गए थे। वहीं लगातार लापता हुए दो शवों की बरामदगी हेतु एसडीआरफ, एनडीआरएफ सहित पुलिस, फायर ब्रिगेड सहित ग्रामीण लगातार सघन खोजबीन अभियान चला रहे थे।वहीं रविवार को कनलगढ़ नदी के किनारे स्थित ग्राम चचई के ओखल सेरा तोक से चौथे मृतक 11 वर्षीय गिरीश चंद जोशी पुत्ररमेश चंद का शव बरामद किया गया। अब तक आपदा में मारे गए पांच में से चार शव बरामद किए जा चुके हैं। जबकि एक की तलाश अभी भी जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।वही गमगीन हालत में मृतक की अंत्येष्टि कर दी गई। अभी एक अन्य लापता व्यक्ति का शव खोजने हेतु अभियान जारी है।

## भूस्खलन से स्टोन क्रेशर को नुकसान

**गरुड़**।भूस्खलन से स्टोन क्रेशर को काफी नुकसान हो गया है। निर्माण सामग्री मलबे में दब गई है। मशीनें भी वर्षा में जंग खा रही हैं। जिससे क्रेशर मालिक को लाखों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। सेणु-लतोलिया मोटरमार्ग पर स्थित स्टोन क्रेशर भूस्खलन की चपेट में आ गया है। जिससे क्रेशर में रखी निर्माण सामग्री मलबे में दब गई है। इससे क्रेशर मालिक को काफी नुकसान हो गया है। एक साल से खनन पर रोक के चलते क्रेशर भी बंद पड़ा है। जिससे वर्षा में मशीनें भी जंग खा रही हैं। क्रेशर मालिक जनार्दन लोहुमी ने बताया कि भूस्खलन होने व मशीनों के जंग खाने से उन्हें लाखों का नुकसान हो गया है।



## मंदिर परिसर में शुद्ध पेयजल और धर्मशाला की मांग को लेकर विधायक से मिले ग्रामीण



वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य

**बरेली**। श्री बालाजी मंदिर बारीनगला परिसर में वाटर कूलर और धर्मशाला की मांग को लेकर बारीनगला गांव के लोग रविवार को बिथरी चैनपुर विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा से मिले। ग्रामीणों ने विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा को एक ज्ञापन के माध्यम से बताया कि बारीनगला गांव स्थित श्री बालाजी मंदिर के सम्मुख सप्ताह में 2 दिन बाजार लगती है, जिसमें आस पास के लगभग 15 से 20 गाँव के लोग आते हैं। इस बाजार के समीप पानी की कोई खास व्यवस्था नही है जिससे बाजार के दुकानदारों और आने वाले सामान के खरीदारों को काफी समस्या होती है। वहीं इस मन्दिर परिसर में कोई भी ऐसा स्थान नही है जिसमें बारिश या ठंड के मौसम में कोई धार्मिक आयोजन किया जा सके। ग्रामीणों ने विधायक के सामने मांगपत्र रखते हुए इन दोनों ही समस्याओं पर विधायक से सहयोग की अपेक्षा की।

# शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए करनपाल हुए सम्मानित

वेलकम इंडिया




**मथुरा**। इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल रिफॉर्म्स एंड हाइयर एजुकेशन एवं इंटरनेशन एसोसिएशन ऑफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन मेमोरियल नेशनल अवॉर्ड्स 2025 के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय शेरनी राया, मथुरा के शिक्षक करनपाल सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और शैक्षिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिल्ली विधानसभा के उपसभापती माननीय मोहन सिंह बिष्ट द्वारा संविधान क्लब नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संविधान क्लब नई दिल्ली में आयोजित इस शिक्षक सम्मान समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 70 शिक्षकों, प्रोफेसरों एवं शिक्षा विशेषज्ञों को उनकी विशिष्ट शैक्षिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह का शुभारंभ दिल्ली विधानसभा के उपसभापति श्री मोहन सिंह बिष्ट द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया गया।

इस अवसर पर इंडियन सोसाइटी फॉर रिसर्च एंड हायर एजुकेशन के अध्यक्ष डॉ.अतुल शर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित शिक्षकों की भूमिका समाज के भविष्य निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण होती है। इस अवसर पर वक्ताओं ने शैक्षिक क्षेत्र में नवाचार, मूल्य-आधारित शिक्षा और तकनीकी प्रयोग की महत्ता पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम का समापन रेल मंत्रालय, भारत सरकार के पूर्व चेयरमैन श्री रमेश चंद्र रत्न के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## लुका-छुपी के बहाने 12 साल के बालक साथ 17 साल के किशोर ने किया कुकर्म

**बरेली**। बहेड़ी कोतवाली क्षेत्र में एक हैरान कर देने का मामला सामने आया है। इस हैरान कर देने वाले मामले में एक 12 साल के बालक के साथ एक नाबालिग किशोर ने कुकर्म किया। जिसकी जानकारी अब परिजनों को हुई तब उन्होंने दुष्कर्म करने वाले 17 वर्षीय किशोर समेत उसके 15 वर्षीय सहयोगी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार यह घटना उस वक्त हुई जब पीड़ित बालक दोनों आरोपियों के साथ लुका-छिपी खेल रहा था। घटना के बाद किशोर रोते हुए घर पहुंचा और अपनी मां को पूरी आपबीती सुनाई। पहले तो मां लोकलाज के कारण चुप रही, लेकिन ये बात पूरे इलाके में जंगल की आग की तरह फैल गई।

# बाढ़ व भूस्खलन से प्रभावित राज्यों में युद्ध स्तर पर कारगर राहत मुहैया कराई जाए

वेलकम इंडिया



**मथुरा**। भारतीय किसान यूनियन चढूनी के प्रवक्ता एवं आगरा मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने बाढ़ से प्रभावित राज्यों व भूस्खलन से प्रभावित राज्यों को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाने की मांग की है। पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड , जम्मू -कश्मीर, हरियाणा, राजस्थान तथा दिल्ली सहित उत्तर प्रदेश के कई जिले भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की मार झेल रहे हैं। जो गहरी चिंता की बात है। सबसे बुरी मार पंजाब पर पड़ी है। सरकार को राहत और पुनर्वास के कदम युद्ध स्तर पर उठाए जाने चाहिए।

पंजाब के 15 सौ से ज्यादा गांवों में, लाखों एकड़ में खड़ी फसल पूरी तरह से या आंशिक रूप से पानी में डूब गयी है और लाखों लोग बाढ़ से सीधे प्रभावित हुए बताए जाते हैं। भारी बारिश और अनेक बांधों से फालतू पानी की निकासी के चलते व्यास, सतलज, रावी और घग्घर नदियां उफान पर हैं और इसके चलते पैदा हुई बाढ़ ने पंजाब तथा हरियाणा में खड़ी फसलों का बड़े पैमाने पर बर्बाद कर दिया है। हरियाणा में, कई जिलों में लाखों एकड़ में खड़ी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गयी हैं। जम्मू-कश्मीर में भी हजारों एकड़ की धान की फसल, भारी बारिश और बाढ़ में बह गयी है। सैकड़ों लोगों के मारे जाने की खबर है। राजस्थान तथा दिल्ली के भी कुछ हिस्सों में व्यापक स्तर पर नुकसान हुआ है। हिमाचल प्रदेश में भी बहुत भारी नुकसान हुआ है। सैकड़ों जान माल का नुकसान हुआ है। तमाम लोग लापता बताए जाते हैं। सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, जमीन तथा मकानों, मवेशियों, फल के वृक्षों, खड़ी फसलों, वाहनों तथा पशुओं के बाड़ों का भारी नुकसान हुआ है। शिमला में तथा कुल्लू में सेब के बागान तबाह हो गए हैं। उत्तराखंड भी फ़्लैश फ्लड तथा भूस्खलनों की मार झेल रहा है, जिनमें बहुत से लोग लापता बताए जाते हैं। उत्तर प्रदेश के मथुरा, आगरा सहित कई जिलों में जलभराव , यमुना नदी के बढ़ते जल स्तर से बाढ़ जैसे हालत के कारण किसानों की खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं। यमुना नदी के निचले भागों में जलभराव से फसलें चौपट हो गई हैं। साथ ही कालोनियों में घरों में भी जलभराव है काफी नुकसान पहुंचा है।सरकार को प्रभावित किसानों, जनता को सर्वे कराकर उचित सम्मानजनक मुआवजा देना चाहिए।

## नंदी महाराज की भाला मारकर की गई हत्या राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं मे आक्रोश



वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली**। रविवार को थाना क्षेत्र शाही में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा एक गौवंश के पशुधन नंदी महाराज की लोहे का भाला मारकर हत्या कर दी गई, सूचना मिलते ही राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष रोहित गंगवार ने थाना शाही मे एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया और कहा कि आए दिन इस प्रकार की घटना कुछ खुरापाती तत्वों द्वारा की जाती हैं ऐसे तत्वों के खिलाफ जल्द से जल्द कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द से जल्द ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कानून कारवाई नहीं होती है तो राष्ट्रीय बजरंग दल बहुत बड़ा आंदोलन करेगा। जिसके बाद तुरंत ही थाना शाही पुलिस के द्वारा डॉक्टर की टीम को बुलाकर गौवंश नंदी महाराज का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके बाद जिला अध्यक्ष रोहित गंगवार ने अपनी टीम के साथ पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में नंदी महाराज का अंतिम संस्कार भी कराया गया। इस मौके पर मीरगंज तहसील मंत्री प्रेम शंकर, नगर महामंत्री मीरगंज वीरेंद्र वर्मा, मोहित शर्मा, दीपक राठौर, शिवम, पवन कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्राम सभा की जमीन पर जबरन निर्माण पर जमकर चली लाठिया

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़**। संग्रामगढ़ थानान्तर्गत किधौली गांव का रहने वाला एक शिक्षक नेता गांव की ही नवीन परती जमीन पर निर्माण करके आवागमन हेतु बने रास्ते को बद कर रहे थे। जिसके विरोध मे जनकर हगामा हुआ लाठिया चटकी जिसमे एक व्यक्ति का हाथ टुट गया।

वाट्सेप से देवी शरण मिश्र द्वारा दी गयी सूचनानुसार सरकारी जमीन पर करने वाला व्यक्ति शिक्षक नेता है और वो जिस ग्रामशभा की जमीन पर निर्माण करा रहे है उससे गाव का आम रास्ता निकलता है ।जिस पर हो रहे निर्माण के विरोध मे

गांव की रहने वाली निशा देवी एवं राकेश कुमार ने समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दे शिकसयत दर्ज करायी थी। जिसपर तहसीलदार ने संग्रामगढ़ पुलिस और राजस्वकर्मियों को तत्काल अवैध निर्माण रुकवाने आदेश दिया था। जिसके अनुपालन मे राजस्व एवं पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुच निर्माण कार्य रुकवा दिया गया था। किन्तु रविवार की सुबह शिक्षक नेता दबंगई के बल पर अपने रिश्तेदारों को एकत्र कर आदेश को धता बता निर्माण कार्य शुरू करा दिया तो ग्रामीणो ने विरोध शुरू किया। अवैध निर्माण का विरोध करने पर शिक्षक नेता और उसके रिश्तेदारों ने राकेश कुमार एवं उसके परिजनों के ऊपर हमला बोल दिया । जिससे राकेश और उसके परिजन घायल हो गये।

घायलो ने बताया कि शिक्षक नेता खुद को एक बड़े नेता का रिश्तेदार बताता है। जिसके बल पर वो . प्रशासन और पुलिस विभाग को फोन कर दबाव बनवा देता है।

# सिद्धि विनायक महाविद्यालय ने धूमधाम से निकाली गणेश विसर्जन शोभायात्रा

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन**। शहर के सिद्धि विनायक महाविद्यालय में ग्यारह दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव में शनिवार को विसर्जन शोभायात्रा विभिन्न झांकियों के बीच धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में महाविद्यालय की छात्राओं ने पारंपरिक डांडिया नृत्य किया। महाविद्यालय परिसर में रिद्धि सिद्धि दाता श्रीगणेश जी की विधि-विधान से पूजा अर्चना प्रबंध निदेशक नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट, श्रीमति मधु शर्मा, विपुल शर्मा, सतीश शर्मा आदि ने की।

हवन यज्ञ में पूणाहूति व सैकड़ों की संख्या में प्रसाद ग्रहण करने के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ बिजलीघर तिराहे से किया गया। शोभायात्रा में गणेश जी की झांकी के साथ अन्य झांकियों को विराजमान किया गया। लोगों ने उत्साह पूर्वक गणेश जी की भक्ति में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जगह-जगह आरती उतारी गई। ढोल-नगाड़े बैंडबाजे के बीच गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजते नजर आए।

शोभायात्रा का संचालन एलएलबी के एचओडी भारत उपाध्याय एडवोकेट व खेल प्रभारी दिलीप यादव ने किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष गडेश पहलवान, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा, महेश चंद अग्रवाल, विष्णुकांत शर्मा, टीकम सिंह रजावत, भानु अग्रवाल, हारून, कुमर पाल सिंह, जयप्रकाश सिंह, पवन कुमार, याचना शर्मा, प्रियंका तिवारी, नीलम, अर्चना माथुर, बुलबुल कौशिक, दिनेश कौशिक, बालकृष्ण सैनी, प्रकाश ठाकुर, चंद्रशेखर जोशी आदि थे।

# नाइन कुमाऊँ के वीर जवानों की शहादत को याद करते हुए महाराज के दिवस धूमधाम से मनाया

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** कुमाऊँ रेजीमेंट की नाइन कुमाऊँ की पलटन को भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में युद्ध करने हेतु भेजा गया था।जहां नाइन कुमाऊँ रेजीमेंट ने भारत - पाकिस्तान युद्ध में महाराज के स्थान पर रेजीमेंट के वीर जवानों ने अपनी वीरता दिखाते हुए रातों रात उस स्थान पर कब्जा कर पाकिस्तानी फौज को परास्त किया था। इसी दिन को याद करते हुए नाइन कुमाऊ रेजीमेंट इसे महाराज के दिवस के रूप में याद करते हुए अपनी रेजीमेंट की वीरगाथा पर गर्व करते हुए युद्ध में देश के लिए शहीद हुए उन वीर शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

बागेश्वर जिले में नाइन कुमाऊँ के पूर्व सैनिकों ने अपनी रेजीमेंट पर गर्व करते हुए देश की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हुए भारत माता के उपर किसी भी देशद्रोह या टेड़ी नजर करने वालों पर अंतिम समय तक अपने देश की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहने का संकल्प लिया। पूर्व सूबेदार मेजर दीपक माजिला की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नाइन कुमाऊँ रेजीमेंट की वीरगाथा और युद्ध मे शहीद हुए वीर जवानों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।और सभा का आयोजन किया गया।भारत माता की जयकारे औ? मा कालिका मैया की जयकारे के साथ सभी पूर्व सैनिकों ने अपनी पलटन की वीरगाथा पर गर्व किया।

इस दौरान नाइन कुमाऊँ रेजीमेंट के पूर्व सैनिक औ? सैन्य अधिकारी मौजूद रहे।जिनमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी,नायब सूबेदार फौजी और क्षेपं सदस्य फौजी फतेह सिंह करायत,मुख्य अतिथि सिपाही देब सिंह, विशिष्ट अतिथि कैप्टन जयंत गिरि,कैप्टन सुन्दर ऐठानी,कैप्टन मोहन भण्डारी,सुबेदार नारायण परिहार,दीवान सिंह मेहता, हवलदार चन्दन नगरकोटी,सुबेदार हर्ष सिंह, नायक मनोज चौहान आनरी नायब सुबेदार धरत सिंह बजेठा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति के राष्ट्रीय महासचिव बने पंकज शर्मा



**बुलंदशहर।** जनपद बुलंदशहर व अलीगढ़ का नाम रोशन करने वाले तेजतर्रार व निर्भीक पत्रकार, हिन्दी दैनिक पवन कमल के प्रधान संपादक पंकज कुमार शर्मा को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी मिली है।पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद वर्मा ने पंकज शर्मा पर भरोसा जताते हुए उन्हें समिति का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है।यह नियुक्ति न सिर्फ बुलंदशहर व अलीगढ़ बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।पत्रकारिता जगत में अपनी निष्पक्ष व बेबाक कलम के लिए पहचान बनाने वाले पंकज शर्मा ने हमेशा आम जनता व पत्रकारों की आवाज को बुलंद किया है।

## मामूली कहासुनी पर दबंगों ने

# युवक को डंडों और बेल्ट से जमकर पीटा, इलाज के दौरान युवकी की मौत

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** कोतवाली क्षेत्र में दबंगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। घर के दरवाजे पर बैठे युवक को चार हमलावरों ने घेरकर डंडों और बेल्ट से जमकर पीटा। गंभीर चोट लगने के बाद आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ये घटना मठ चौकी इलाके की है। पीड़ित की मां यशोदा देवी ने कोतवाली थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि उनका 25 वर्षीय बेटा नितिन पिछले रविवार की रात करीब 11:30 बजे घर के बाहर बैठा था। तभी मोहल्ले के राहुल, अंकित और उनके दो साथी वहां पहुंचे।

बताया जा रहा है कि राहुल अपनी साली शिवानी को छोड़ने आया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और चारों ने मिलकर नितिन पर हमला बोल दिया। परिजनों का कहना है कि दबंगों ने बेल्ट और डंडों से नितिन को बेरहमी से पीटा। चीख-पुकार सुनकर घरवाले मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी युवक को लहूलुहान छोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो चुके थे।

परिवार ने तुरंत घायल नितिन को अस्पताल पहुंचाया, जहां एक सप्ताह उसका इलाज चला उसके बाद रविवार को उसने दम तोड़ दिया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली इंस्पेक्टर अमित पांडे का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही गिरफ्तारी कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्मार्ट मीटर कंपनी के कर्मचारियों ने स्टाफ को पीटा

वेलकम इंडिया/मोहम्मद खालिद

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के सनसिटी पावर हाउस पर शनिवार दोपहर अचानक बवाल हो गया। स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी के कुछ कर्मचारी वहां पहुंचे और लाइनमैन को बुलाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बिगड़ा कि कर्मचारियों ने जेई के स्टाफ पर हमला कर दिया।जानकारी के मुताबिक, अवर अभियंता नीरज पंवार के अधीन कार्यरत राहुल कुमार (टीजी-2) से कंपनी के दो कर्मचारियों ने लाइनमैन बुलाने को कहा। जब राहुल ने वजह पूछी तो आरोपी गाली-गलौज पर उतर आए। इसी बीच उनके चार और साथी वहां आ धमके और राहुल से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने उसका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की।शोर शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे अन्य कर्मचारियों ने किसी तरह राहुल को छुड़ाया। इसी दौरान आरोपियों में शामिल गोल्डी, मोनिस शंखधार और उनके तीन साथी पावर हाउस में रखे सरकारी दस्तावेजों पर टूट पड़े और लॉग शीट व शिकायत रजिस्टर फाड़ डाले। घटना के बाद कर्मचारियों में रोष है। जेई नीरज पंवार ने आरोपियों के खिलाफ इज्जतनगर थाने में तहरीर दे दी है। इज्जतनगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह का इस मामले को लेखर कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है, जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# किठौर पुलिस का बड़ा एक्शन: तीन वारंटी गिरफ्तार, दो अवैध तमंचे व कारतूस बरामद

वेलकम इंडिया



इमरान जहीर खालिद

**मेरठ।** अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए किठौर पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पुलिस टीम ने तीन वारंटियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया। इस दौरान आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस भी बरामद हुए। गिरफ्तारी के बाद सभी को अदालत में पेश किया गया।

थाना प्रभारी किठौर ने बताया कि ग्राम कायस्थबड्डा निवासी इमरान पुत्र मुन्शी को गढ़ रोड खन्द्रावली सर्विस रोड से दबोचा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से .315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिला।

दूसरी गिरफ्तारी ग्राम जडौदा निवासी जहीर पुत्र सगीर की हुई, जिसे पुलिस ने महलवाला रोड स्थित खारिज पुल से पकड़ा। उसके पास से भी .315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुआ।

तीसरे वारंटी खालिद पुत्र गनी, निवासी ग्राम कायस्थबड्डा को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, इमरान के खिलाफ हत्या प्रयास, गौकशी, चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और आबकारी एक्ट समेत 10 से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज हैं। वहीं जहीर और खालिद भी गौवध अधिनियम व आर्म्स एक्ट के मामलों में वांछित चल रहे थे।

थाना पुलिस का कहना है कि अपराधियों पर शिकंजा कसने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और किसी भी कीमत पर अपराधियों को छोड़ा नहीं जाएगा।

## योगी सरकार का दुनिया का पहला सिरेमिक वेस्ट पार्क तैयार, डिज्नी वर्ल्ड को देगा टक्कर

**बुलंदशहर।** खुर्जा को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के लिए योगी सरकार ने अनोखी पहल की है। बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण द्वारा दुनिया का पहला ररसिरेमिक वेस्ट पार्क झ्र अनोखी दुनियार्र बनाया गया है। यह पार्क करीब 2 एकड़ में फैला है और इसे पीपीपी मोड पर 5.86 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। पार्क में 80 टन सिरेमिक कचरे से 100 से अधिक कलाकृतियां तैयार की गई हैं, जिनमें 28 बड़ी आकर्षक मूर्तियां शामिल हैं। इन्हें बनाने में 6 कलाकारों और 120 कारीगरों ने योगदान दिया। टूटी सुराहियों, कप और केतलियों से बने गेमिंग जोन व सेल्फी प्वाइंट पर्यटकों को खासा आकर्षित करेंगे। पार्क सितम्बर के अंत तक आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

# वाराणसी की बहु ने बढ़ाया मान : मिसेज एशिया विजयता सचदेवा गृहलक्ष्मी मैगजीन के कवर पेज पर

वेलकम इंडिया




**वाराणसी।** वाराणसी की गौरवशाली बहु और मिसेज एशिया विजेता सचदेवा जी ने एक और बड़ा मुकाम हासिल किया है। देश की प्रतिष्ठित महिला पत्रिका गृहलक्ष्मी मैगजीन के नवीनतम अंक के कवर पेज पर उनकी तस्वीर प्रकाशित की गई है।

यह उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है बल्कि संपूर्ण पूर्वांचल और खासतौर पर वाराणसी के लिए गर्व का क्षण भी है। सचदेवा जी ने अपनी उपलब्धियों से साबित कर दिया है कि आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छाशक्ति से हर सपना साकार किया जा सकता है।

गृहलक्ष्मी मैगजीन, जो महिलाओं की प्रेरणादायक कहानियों और सफलताओं को मंच प्रदान करती है, उसके कवर पेज पर स्थान पाना किसी विशेष सम्मान से कम नहीं माना जाता। सचदेवा जी का यह गौरवपूर्ण क्षण निश्चित ही आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा।

# राज्यपाल द्वारा सौम्या खरे को राजनीतिक विज्ञान में दी उपाधी



**झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की प्रतिभाशाली शोधार्थी सौम्या खरे ने राजनीति विज्ञान विषय में शोध कर शैक्षणिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।यह शोध डॉ. रवि रमेशचंद्र शुक्ल (एसोसिएट प्रोफेसर, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली), डॉ. आर.बी. मौर्य (बी.के.डी. कॉलेज, झाँसी) तथा डॉ. संदीप सिंह (राजनीति विज्ञान विभाग, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी) के निर्देशन में पूर्ण हुआ। सौम्या खरे इस उपलब्धि का श्रेय पिता बृज किशोर खरे माँ साधना खरे व अनन्या खरे की बड़ी बहन को देती है अपने शोध में सौम्या ने 21वीं सदी में भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों में आए बदलावों का सूक्ष्म विश्लेषण किया, विशेषकर मोदी शासनकाल (2014 के बाद) में। उन्होंने रक्षा, व्यापार, तकनीक, ऊर्जा सहयोग, वैश्विक मंचों पर साझेदारी, और कूटनीतिक समीकरणों को आधार बनाकर दोनों देशों के संबंधों की गहराई को दशार्या।जिसको लेकर राज्यपाल ने उनको संम्मानित किया। इस मौके कुंदन सोलंकी,सन्दीप श्रीवास्तव, पुनीत श्रीवास्तव, राकेश कुशवाहा,प्रतीक सैमसंग,मुस्ताक अली आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# दुर्घटना के मामले में थाने में खड़ी जीप गायब, बेचे जाने की चर्चा

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी** नगर में थाना प्रांगण में नीलामी के दौरान एक जीप का गायब हो जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। इस दौरान थाना प्रभारी से मामले में अनभिज्ञता दर्शाई है।

नगर में थाना प्रांगण में चार जौलाई को पुराने वाहनों की नीलामी कराई गई थी, उक्त नीलामी के दौरान 49 वाहनों की नीलामी की गई थी। इस दौरान नीलाम किए गए वाहनों में एक जीप भी गायब हो गई है। जीप मालिक गांव गंगेरू निवासी इंतजार ने बताया कि उसके पास एक जीप संख्या ल्फ21अ 6967 थी, जिससे वर्ष 2014 में गांव भभीसा के समीप एक दुर्घटना हो गई थी, जिसमें गांव लिलौन निवासी नरेश पुत्र चंदन सिंह व गांव धोलारा थाना मुजफ्फरनगर निवासी गुड्डू पुत्र वीरसैन की मौत हो गई थी तथा गुलाब पुत्र जगबीरा गंभीर रूप से घायल हो गए था। उपरोक्त मामले में वादी नीटू पुत्र ओमवीर गांव लिलौन की तरफ से थाना कांधला पर मुकदमा अपराध संख्या 270/14 धारा 279, 337, 338, 427, 304ए भादवि चालक अरविन्द कुमार पुत्र लाल सिंह उर्फ लार्वा जाटव ग्राम टांडा माजरा थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर के खिलाफ दर्ज हुआ था। उपरोक्त अभियोग कैराना न्यायालय में विचाराधीन है, तथा वादी व प्रतिवादी अपनी तारीखों पर उपस्थित होकर मुकदमें की पैरवी कर रहे है। मुकदमें के चलते अभी तक उक्त जीप को थाने से छुडवाया नही जा सका था, तथा वह जीप तब से कभी थाना प्रांगण तो कभी थाने के बाहर खडी कर दी जाती थी, किन्तु 04 जौलाई को की गई नीलामी के बाद उक्त जीप मौके से गायब हो गई।

चर्चा है कि उपरोक्त जीप को एक कबाडी को थाने के द्वारा बेच दिया है। उपरोक्त मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। वही मामले को लेकर थाना प्रभारी सतीश कुमार का कहना है कि जिस जीप के गायब होने की बात सामने आ रही है, वह जीप थाना प्रांगण में थी ही नही, जीप कहां गई यह उनके संज्ञान में नही है।

# पृथक बुंदेलखंड राज्य: एक आवश्यकता और उपयोगिता

वेलकम इंडिया



**झांसी।** भारत की आजादी के बाद से ही विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग राज्य बनाने की मांग उठती रही है, जो विकास, प्रशासनिक सुविधा और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के उद्देश्य से होती है। बुंदेलखंड क्षेत्र, जो उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच फैला हुआ है, भी ऐसी ही एक मांग का केंद्र रहा है। बुंदेलखंड क्रांति दल के रूप में हम लंबे समय से पृथक बुंदेलखंड राज्य की स्थापना के लिए संघर्षरत हैं। बुंदेलखंड को अलग राज्य का दर्जा मिलना न केवल न्यायोचित है, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय विकास के लिए अनिवार्य है।

बुंदेलखंड एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्र है, जो उत्तर प्रदेश के सात जिलों (झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट) और मध्य प्रदेश के छह जिलों (दतिया, टीकमगढ़, निवाड़ी , छतरपुर, सागर, दमोह और पन्ना) से मिलकर बनता है। कुल मिलाकर यह क्षेत्र लगभग 70,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक में फैला है और यहां की आबादी करीब 1.8 करोड़ है (जनगणना 2011 के अनुसार, जो अब बढ़कर अनुमानित 2 करोड़ से अधिक हो चुकी है)। लेकिन इस क्षेत्र की वास्तविकता बेहद कष्टप्रद है। यहां की मुख्य समस्याएं सूखा, गरीबी, बेरोजगारी, पलायन और अपर्याप्त विकास हैं, जो उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे बड़े राज्यों की उपेक्षा का परिणाम हैं।

आंकड़ों से देखें तो बुंदेलखंड भारत के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में से एक है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (ठऋलर-5, 2019-21) के अनुसार, बुंदेलखंड के जिलों में गरीबी दर 40-50% तक है, जबकि राष्ट्रीय औसत 21.9% है। उदाहरण के लिए, बांदा जिले में 45% आबादी गरीबी रेखा से नीचे है, और महोबा में यह आंकड़ा 48% तक पहुंचता है। कृषि यहां की अर्थव्यवस्था का आधार है, लेकिन लगातार सूखे के कारण फसल उत्पादन प्रभावित होता है। केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, बुंदेलखंड में औसत वार्षिक वर्षा मात्र 800-900 मिमी है, जो राष्ट्रीय औसत (1,200 मिमी) से काफी कम है।

# जयंत चौधरी ने सांसद निधि से निर्मित इनडोर कबड्डी मैदान का किया लोकार्पण

वेलकम इंडिया




**कांधला। मोहसीन रहमानी** क्षेत्र के कनियान गांव में चौधरी रतन पौडिया खेल परिसर के अंतर्गत 25 लाखरुपए की लागत से निर्मित स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह इनडोर कबड्डी मैदान का भव्य उद्घाटन केंद्रीय मंत्री श्री जयंत चौधरी द्वारा किया गया। यह आधुनिक खेल संरचना सांसद निधि से तैयार कराई गई है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेल की दिशा में प्रोत्साहित करना और उन्हें देश-प्रदेश का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित करना है।

उद्घाटन समारोह में मंत्री जयंत चौधरी ने कहा,युवा शक्ति ही देश की असली ताकत है।हम सबका कर्तव्य है कि खेलों को बढ़ावा दें ताकि बच्चों में खेल भावना के साथ-साथ राष्ट्रीय पहचान भी मजबूती से स्थापित हो।

उन्होंने आगे कहा कि,इस प्रकार के खेल मैदान से क्षेत्र में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बढ़ेगाजिससे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं को उभरने का उचित अवसर मिलेगा।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी और समाज के गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।यह कदम क्षेत्र में खेल की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति मानी जा रही है, जो न केवल युवा खिलाड़ियों के विकास में सहायक बनेगा, बल्कि सामाजिक सौहार्द्र को भी बढ़ावा देगा।

## अपना दल एस की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**बुलंदशहर।** रविवार अपना दल एस बुलंदशहर की मासिक समीक्षा बैठक कैम्प कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने की और संचालन जिला महासचिव खालिक अंसारी ने किया। जिलाध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर गरीबों, पीड़ितों, वंचितों, शोषितों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, नौजवानों, किसानों और व्यापारियों के बीच पार्टी की नीतियों तथा पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार अनुप्रिया पटेल के विचारों का प्रसार-प्रचार करें। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग की बुलन्द आवाज अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में ऐतिहासिक कार्य कराए गए हैं, जिन्हें जन-जन तक पहुँचाना ही कार्यकताओं का मुख्य दायित्व है।

# पुरस्कृत शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन में अध्यक्ष की डॉ लाल बहादुर को और महामंत्री की डॉ सुभाष मौर्य को जिम्मेदारी सौंपी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** पुरस्कृत शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर बरेली मंडल के अध्यक्ष कृपाल सिंह एवं महामंत्री मोहम्मद असरार के निर्देशन में निर्विरोध रूप से जिला कार्यकारणी का निर्वाचन भारत सेवा ट्रस्ट पर संपन्न हुआ। जिसमें सर्व सम्मति से राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ लाल बहादुर गंगवार को प्रांतीय प्रचार मंत्री के साथ जिला अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी सौंपी गई, वहीं जिले के महामंत्री के रूप में राजकीय हाई स्कूल ताल गोटिया के प्रधानाचार्य डॉ सुभाष मौर्य को मनोनित किया गया।

मंडल की टीम द्वारा ट्रस्ट के सभागार में हुए इस निर्वाचन की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार के प्रतिनिधि और अग्रज अनिल सक्सेना एडवोकेट ने पुरस्कृत शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले हैं, समाज को आपकी सेवाओं की विशेष जरूरत है। उन्होंने कहा कि आप भारत के भविष्य के निर्माण करने वाले हैं निश्चित रूप से ही आपकी सेवाएं प्रशंसनीय रही होगी जिस कारण देश के चुनिंदा शिक्षकों में आपका नाम दर्ज हो पाया।

इस कार्यक्रम में बरेली से सबीना परवीन, बेनीराम शर्मा, देवेंद्र आर्य, को बरेली मंडल की टीम में विभिन्न पदों पर मनोनीत किया गया। इस निर्वाचन कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने के लिए भारत सेवक समाज के जिला अध्यक्ष कृष्ण स्वरूप सक्सेना ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अपने संगठन की ओर से एक ज्ञापन प्रेषित किया, जिसमें उन्होंने लिखा है कि राज्य एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों का एक बोर्ड जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में लगाया जाना चाहिए, जैसा कि अन्य जिलों में हो रहा है।

इस अवसर पर झारखंड राज्य के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष लाल बहादुर गंगवार को फोन कर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस कार्यक्रम में मानवेंद्र मोहन, असरार अहमद, खान मोहम्मद असरार, नईम अहमद, सुरेश चंद्र शर्मा, महेश चंद्र पाठक, द्वारिका प्रसाद गंगवार, अनुज सक्सेना आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# उत्थान फाउंडेशन की बढ़ते कदम योजना की कक्षाओं में मनाया गया शिक्षक दिवस

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** सामाजिक संस्था उत्थान फाउंडेशन द्वारा संचालित बढ़ते कदम योजना के अंतर्गत अंग्रेजी बोलने की कक्षाओं का आयोजन मोदीनगर के दोनों प्रमुख केन्द्रों श्री अम्बेडकर लाइब्रेरी, कस्बा रोड एवं बड़ा मंदिर, देवेंद्रपुरी में बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इन दोनों केन्द्रों पर लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अंग्रेजी बोलना सीखने की दिशा में अपनी लगन और संकल्प प्रदर्शित किया। अम्बेडकर लाइब्रेरी केन्द्र पर कक्षाओं का संचालन कविता गुप्ता, देवेंद्रपुरी केन्द्र पर रिंकी कंसल द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को सरल और व्यावहारिक तरीके से अंग्रेजी संवाद की कला सिखाने के साथ-साथ उन्हें आत्मविश्वासी बनने की प्रेरणा दी। इस मौके पर देवेंद्र पुरी के सभासद अंकुर चौधरी, अम्बेडकर लाइब्रेरी के अनुज कुमार, ज्योति रानी उपस्थित रहे। साथ ही पूर्व में महर्षि दयानन्द इंटर कॉलेज पर चल रहे केंद्र की शिक्षिका अलका चौधरी का सम्मान संस्था के पदाधिकारियों द्वारा उनके निवास पर जा कर किया गया। उत्थान फाउंडेशन की संस्थापक सचिव डॉ सोनिका जैन ने कहा कि शिक्षक समाज की आधारशिला होते हैं। बढ़ते कदम योजना के माध्यम से अंग्रेजी बोलना सिखाने का कार्य केवल भाषा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और भविष्य की नई संभावनाओं को भी विकसित करता है। श्रीमती कविता गुप्ता और श्रीमती रिंकी कंसल ने अपने परिश्रम और समर्पण से इस मिशन को नई ऊँचाई दी है।₹कार्यक्रम का समापन उत्साह और भावनाओं से भरे माहौल में हुआ। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे आगे भी नियमित रूप से कक्षाओं में भाग लेकर अंग्रेजी संवाद कला में प्रगति करेंगे।



# प्रतियोगिताओं से छात्रों में भारतीय संस्कृति का ज्ञान होता है : डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** युवा वैश्य मंच मेरठ महानगर द्वारा मोदी कॉलेज के छात्रों, शिक्षकों और प्रधानाचार्य को किया गया सम्मानित। डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में श्याम मित्र मंडल एवं युवा वैश्य मंच मेरठ महानगर द्वारा रामायण ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और शिक्षकों के सम्मान में एक विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

जिसके मुख्य अतिथि शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर अनिल गर्ग रहे। समारोह का संचालन प्रवीण जैनर ने किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश सिंह अग्रवाल ने बताया कि श्याम मित्र मंडल एवं युवा वैश्य मंच मेरठ द्वारा पिछले सप्ताह विद्यालय में



रामायण ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश अग्रवाल जी को पटका प्रतीक चिन्ह ,प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अग्रवाल ने बताया कि हमारे विद्यालय के छात्र विभाग शासन और समाज और किसी भी संगठन द्वारा आयोजित की जाने वाली सभी प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। विद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षकों एनसीसी कैडेट और स्काउट और हाउस प्रभारी सभी छात्रों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया जीव विज्ञान प्रवक्ता नीतू चौधरी ने भी शिक्षक दिवस का महत्व विस्तृत रूप से छात्रों को बताया।

# पति ने बिना अनुमति पत्नी का फोटो व बायोडाटा वैवाहिक वेबसाइट पर अपलोड किया, पुलिस में केस दर्ज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वैवाहिक कलह और दहेज विवाद के बीच गाजियाबाद में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी से छुटकारा पाने के लिए तलाक का फैसला आने से पहले ही उनकी फोटो और बायोडाटा वेबसाइट तथा फेसबुक पर अपलोड कर दिया। पीड़िता और उसके परिवार की सहमति के बिना किया गया यह कदम पत्नी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की साजिश माना जा रहा है। अब इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर मधुबन बापूधाम थाने में पति समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता आंचल अग्रवाल, निवासी मोरटा, ने पुलिस को बताया कि वेबसाइट पर उनका फोटो और बायोडाटा अपलोड करने के साथ ही उनके परिवार का मोबाइल नंबर भी डाला गया। इसके बाद कई अज्ञात लोग शादी का प्रस्ताव लेकर लगातार फोन करने लगे। इससे न केवल वह, बल्कि उनका पूरा परिवार मानसिक तनाव से गुजर रहा है। आंचल अग्रवाल की शादी 19 अप्रैल 2018 को दिल्ली शाहदरा निवासी आशीष गुप्ता से हुई थी। उनका आरोप है कि पति आशीष गुप्ता, सास गीता गुप्ता, ससुर किशन कुमार गुप्ता, जेठ विनय गुप्ता, जेठानी प्रियंका गुप्ता और नंद श्वेता गुप्ता दहेज में संतुष्ट नहीं थे और एक करोड़ रुपये की अतिरिक्त मांग करते थे। अगस्त 2022 में तो ससुराल पक्ष ने उन पर और उनके भाई पर जानलेवा हमला भी कर दिया था। उस समय उनके भाई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि पति से तलाक का मुकदमा कड़कडडूमा कोर्ट, दिल्ली में लंबित है। तलाक अभी हुआ नहीं है, लेकिन पति ने बिना अनुमति उनके बायोडाटा को वैवाहिक साइट और फेसबुक पर डाल दिया।

# मातृभूमि सेवा संघ ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों हेतु दवाइयाँ व खाद्य सामग्री भेजी



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ )।** पंजाब में आई भीषण बाढ़ त्रासदी से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। इस आपदा की गंभीरता को देखते हुए मातृभूमि सेवा संघ ने ह्लवसुधैव कुटुंबकम्ह्व की भावना को आत्मसात करते हुए मानवता की सेवा का संकल्प निभाया है। संघ द्वारा बच्चों और बड़ों के लिए बुखार, उल्टी-दस्त, जुखाम, एलर्जी, दर्द, ओडोमॉस एवं अन्य आवश्यक दवाइयाँ, साथ ही सूखा दूध व खाद्य सामग्री पंजाब भेजी गई है। इस राहत सामग्री में संघ के प्रत्येक साथी का योगदान निहित है, जो संघ की एकजुटता और सेवा भावना का प्रमाण है।संघ ने कहा कि यह सहायता केवल राहत नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सिख परंपरा की सरबत दा भलाह्व की भावना का प्रतीक है। संघ के पदाधिकारियों ने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि वे भी आगे बढ़कर भोजन, वस्त्र, दवाइयाँ और आवश्यक सामग्री देकर बाढ़ पीड़ित भाइयों-बहनों के सहयोग में सहभागी बनें।मातृभूमि सेवा संघ का मानना है कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, और इस कठिन समय में हम सबको एकजुट होकर यही धर्म निभाना चाहिए। इस अवसर पर विकास भारतीय, डॉ रूपा त्यागी, नीरज शर्मा, आशुतोष सक्सेना, सिद्धार्थ ठाकुर, पवन शर्मा, तेजा सैन,पवन चौधरी, अविनाश झा, महेश कुमार, पप्पन सैन, प्रदीप पांडे आदि मौजूद रहे।

# कार में अगवा कर होटल ले गया युवक, छात्रा से जबरन फोटो क्लिक कर फरार

**गाजियाबाद।** भोजपुर थाना क्षेत्र से 12वीं कक्षा की छात्रा के अपहरण और उत्पीड ? का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शनिवार सुबह स्कूल जाते समय एक कार सवार युवक ने छात्रा को जबरन कार में बैठाया और मोदीनगर के एक होटल में ले गया। वहां उसने छात्रा की मर्जी के खिलाफ फोटो खींचे और बाद में धमकी देकर उसे सड़क पर छोड़कर फरार हो गया। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने इसे बेहद गंभीरता से लिया है और आरोपित की गिरफ्तारी के लिए टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। छात्रा के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 18 वर्षीय बेटी सुबह स्कूल जा रही थी। इसी दौरान कार में आए आरोपित ने उसे जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया। परिजनों के अनुसार, आरोपी किसी जनप्रतिनिधि के यहां नौकरी करता है। कार में बैठाने के बाद आरोपी छात्रा को मोदीनगर स्थित एक होटल में ले गया। वहां उसने छात्रा पर दबाव बनाकर मोबाइल से कई फोटो क्लिक किए। छात्रा ने विरोध किया तो धमकी दी कि यदि किसी को इस बारे में बताया तो गंभीर अंजाम भुगतना पड़ेगा।

# नेशनल में चयन होने पर भारत सैनी का स्वागत किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** स्टेट लेवल शूटिंग प्रतियोगिता में भारत सैनी पुत्र मनोज सैनी निवासी सीकरी कलां ने अपने माता और पिता और मोदीनगर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भारत सैनी की पिता मनोज सैनी नगर पालिका में जेसीबी ड्राइवर का कार्य करते है।स्टेट लेवल शूटिंग में पास होकर नेशनल लेवल में चयन होने पर सीकरी कलां पहुंचने पर भारत सैनी का भव्य स्वागत किया गया। उनके साथ आये कोच प्रज्वल चौधरी का भी भव्य स्वागत किया। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के जिला उपाध्यक्ष विनोद गौतम ने भारत सैनी ओर प्रज्वल चौधरी को माला से स्वागत किया और दोनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गणमान्य लोगों में सभासद प्रीतम सैनी, डॉ रविन्द्र सैनी, समाज सेवी व श्रमिक नेता कुलदीप सैनी, कपिल देव जाटव, पिंटू फूल वाले, मनोज सैनी निवाडी,हरेंद्र सैनी पतला, ईश्वर सैनी गदाना, रामकुमार सैनी सिखेड़ा हजारी, आस मोहम्मद, रतिराम सैनी, सतीश सैनी, हरिओम सैनी, निशांत सैनी, आकाश शर्मा, शिवकुमार, प्रशांत कुमार, शिवा, आदि सैंकड़ो ने स्वागत।

भारत सैनी ने कहा कि मेरी कामयाबी का श्रेय अपने पिता मनोज सैनी ओर माता मंजू सैनी को दिया और अपने कोच का भी आभार ओर धन्यवाद करते हुए बताया कि मेरे कोच मुझे गाइड नही करते तो मैं इस मुकाम पर नहीं पहुंच पाता। गांव वालों के स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# हाउस टैक्स विवाद फिर गरमाया: नगर विकास मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री से करेंगे मुलाकात, मुख्यमंत्री से मिलने का भी प्रयास

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद में हाउस टैक्स वृद्धि का प्रस्ताव भले ही निरस्त कर दिया गया हो, लेकिन इसके बाद भी बढ़ी हुई दरों पर हाउस टैक्स वसूला जा रहा है। लोगों को भारी-भरकम बिल भेजे जाने से आमजन में आक्रोश और असंतोष का माहौल है। वहीं शहर के विकास कार्य भी ठप पड़े हैं, जिससे नाराजगी और बढ़ गई है। इन परिस्थितियों को देखते हुए गाजियाबाद पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने अब सीधी लड़ाई का ऐलान कर दिया है। एसोसिएशन के पदाधिकारी और पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को लखनऊ रवाना हुआ। वे बस के माध्यम से राजधानी पहुंचकर प्रदेश सरकार के शीर्ष नेतृत्व से मुला$कात करेंगे। इस दौरान उनकी बैठक नगर विकास मंत्री माननीय ए.के. शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और संगठन मंत्री धर्मपाल जी से तय है। एसोसिएशन का प्रयास है कि वे माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी समय लेकर अपनी बात रख सकें।

# जाट समाज सेवा संगठन द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय जाट समाज सेवा संगठन द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शास्त्री नगर मुकेश पूनिया के आवास के सामने ? निशुल्क मेडिकल जांच शिविर में सेकंड लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।

शिविर में अनुभवी डाक्टरों की टीम ने गहन जांच पड़ताल कर समाधान सुझाव दिये व दवाईयो का भी वितरण किया। मरीजों की जांच डाक्टर राजेन्द्र शर्मा आयुर्वेदिक, डाक्टर शैकी जैन कार्डियोलॉजीसट, डाक्टर रजनी चौधरी नेचरोपैथी , डाक्टर निधी चौधरी आयोलोजिसट , ब्लड शुगर वेट टेस्ट तनरेंद्र मास्टर द्वारा किया गया।मरीजो मे काफी उत्साह देखा गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुमन चौधरी (राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ व सगठन महिला संयोजक,) संगठन के संयोजक चौधरी सुरेंद्र वर्मा जी , मुख्य सरक्षक नत्थू प्रधान ,व सुभाष सागवान , पंकज गुनगुन फार्म्स, मुकेश पूनिया आदि संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ता सहयोगिक भूमिका मे रहे।

# मुरादनगर में रालोद ने चलाया सदस्यता अभियान



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मुरादनगर राणा फार्म हाउस में विधानसभा क्षेत्र मुरादनगर के अध्यक्ष अरुण शर्मा द्वारा अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर सदस्यता अभियान जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी की अध्यक्षता में चलाया गया। संचालन नीरज नवीपुर ने किया। पंडित अरुण शर्मा द्वारा सभी को माला पहनाकर व पटका मोमेंटो देकर सभी का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा राष्ट्रीय लोक दल पार्टी से हर वर्ग के लोग जुड़ें और पार्टी को मजबूत करें। जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी व सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चैयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा राष्ट्रीय लोक दल पार्टी की तरफ आम आदमी का रुझान बढ़ता जा रहा है । कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की सदस्यता अभियान पर सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी' प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ चैयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, प्रदेश प्रदेश महासचिव रणबीर दहिया,' पूर्व जिला अध्यक्ष अजय पाल सिंह', पूर्व जिला अध्यक्ष नानक चंद शर्मा', प्रोफेशनल मंच का क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण दहिया,' क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र पतला', क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन,' क्षेत्रीय सचिव जितेंद्र कुंडू,' मुरादनगर अध्यक्ष जुनैद चौधरी आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

# बुजुर्ग सकारात्मक सोच बनाकर अपने दीर्घकालीन अनुभवों से समाज को लाभान्वित करें: डा0 सांगवान

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)** मोदीनगर-बागपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सांसद डा0 राजकुमार सांगवान ने बुजुर्गो को देश की अमूल्य धरोहर बताते हुए यहां उनसे अनुरोध किया कि वे सदैव सकारात्मक सोच बनाएं तथा अपने दीर्घकालीन अनुभवों से समाज व देश को लाभान्वित करें और युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करें।



डा0 सांगवान आज रविवार को यहां पुस्तकालय भवन में आयोजित वरिष्ट नागरिक संस्था के एक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। संस्था के अध्यक्ष रकम सिंह दरोगा ने कार्यक्रम का संचालन किया। संस्था द्वारा दिए गए तीन सूत्री मांग पत्र के संदर्भ में डा0 राजकुमार सांगवान ने आश्वस्त किया कि वह लोकसभा के शरद कालीन सत्र का संस्था से जुड़े बुजुर्गो को सदन के नवनिर्मित भवन व कार्यवाही का अवलोकन कराएंगे। इसके लिए उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद विधायक डा0 मंजू शिवाच व पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली को समुचित व्यवस्था का दायित्व सौंपा। इससे पूर्व संस्था के पदाधिकारियों ने सांसद, विधायक व पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली तथा निवर्तमान पालिका चेयरमैन पं0 राम आसरे शर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। संरक्षक रामेश्वर दयाल गुप्ता ने वरिष्ट नागरिक संस्था की संस्थागत गतिविधियों व उपलब्धियों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने सलाह दी कि वरिष्ट नागरिक संस्था को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं समाजोपयोगी बनाएं।

# पंजाब की बाढ़ ने दिखा दिया असली धर्म और असली देशभक्ति क्या है-ब्रजवीर दहिया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)** ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने कहा कि जब पंजाब में बाढ़ आई और गांव के गांव डूब गये। किसान- मजदूर परिवार संकट में आए,तब सबसे पहले मदद के लिए वही लोग आगे आए जो कभी बॉर्डर पर आंदोलन में बैठे थे। जिन किसानों को सत्ता और उसके दलाल मीडिया ने बदनाम किया था । वही आज पीडितो की जिंदगी का सहारा बने। सबसे बड़ी मिसाल यह रही कि इस आपदा में हिंदू और मुसलमान दोनों ने बढ़ चढ़कर मदद की। किसी ने यह नहीं देखा कि सामने वाला किस धर्म का है। सब ने केवल इंसानियत और मानवता को देखा। यही असली देशभक्त और असली धर्म है। इसके उलट बड़े व्यापारी,



सत्ता के बड़े- बडे पदाधिकारी और वे लोग जो दिन रात अपने आप को बड़े हिंदू और बड़े देशभक्त कहकर ढोल पीटे थे।इस आपदा में पूरी तरह नाकाम और नदारत साबित हुए। जब पंजाब के गांव पानी में डूब रहे थे। तब उनके धर्म और देशभक्ति के सारे नारे बह गए। सच यही है । कि किसान ही इस देश के रीड है । आंदोलनकारी को गाली देने वाले और उन्हें देशद्रोही बताने वाले आज आईना देख लें । इंसानियत सेवा और असली देशभक्ति किसानों के खून में है । सत्ता के पिटठुओ की जुमलेबाजी में नहीं । आज का बड़ा सबक यही है कि जब धर्म और राजनीति के ठेकेदार नाकाम हो गए, तब किसानों ने हिंदू मुसलमान की एकजुटता से इंसानियत की सबसे बड़ी मिसाल पेश की।

## विकसित उत्तर प्रदेश का संकल्प


# विजन 2047 में हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक: जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने का सपना अब केवल शासन-प्रशासन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे पूरा करने की जिम्मेदारी हर नागरिक की है। विजन 2047 के अंतर्गत विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश का संकल्प तभी साकार होगा जब जनता स्वयं इसमें सक्रियता और उत्साह के साथ भागीदारी करेगी। जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ ने रविवार को अपने संदेश में कहा कि सरकार की कोई भी योजना तभी सफल होती है, जब जनता उसे विश्वास और सहयोग से अपनाती है। विजन 2047 केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की आत्मा का संकल्प है। यह वह संकल्प है जिसके माध्यम से प्रदेश को न केवल भारत का सबसे समृद्ध और सशक्त राज्य बनाना है, बल्कि विश्व पटल पर विकास, तकनीकी शक्ति, औद्योगिक उन्नति और संस्कृति की धरोहर के रूप में स्थापित करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि हम वह प्रदेश बनाएंगे जहाँ विकास की गंगा और परंपरा की यमुना साथ-साथ बहेंगी। उत्तर प्रदेश का हर नागरिक इस यात्रा का सहभागी बनकर इसे सफल बनाएगा। जिलाधिकारी श्री माँदड़ ने कहा कि विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश केवल एक नारा नहीं, बल्कि हम सबका साझा दायित्व है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे अपने विचार और सुझाव साझा करें, ताकि शासन को नयी दिशा और नवाचार प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि जनता के विचार ही सरकार को ऐसी योजनाएं बनाने के लिए प्रेरित करेंगे जो सीधे तौर पर प्रदेश को विकास की ओर अग्रसर करें। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी योजना को सफल बनाने में जागरूकता सबसे बड़ी कुंजी है और जागरूकता के प्रसार में मीडिया की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने मीडिया से अपील की कि वे इस मुहिम का हिस्सा बनकर इसे अधिक से अधिक प्रचारित और प्रसारित करें, ताकि उत्तर प्रदेश का हर नागरिक इस जानकारी से जुड़ सके और अपने सुझाव देकर प्रदेश को विकसित बनाने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग बन सके। उन्होंने कहा कि जनता और शासन-प्रशासन के बीच मीडिया एक मजबूत कड़ी है, जो किसी भी अभियान को व्यापक जन-आंदोलन का स्वरूप देने में सक्षम है। विजन 2047 के तहत जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि अब समय आ गया है कि हर नागरिक यह सोचकर आगे आए कि उसका योगदान प्रदेश के भविष्य को दिशा दे सकता है। हाथ से हाथ और मन से मन मिलाकर यदि हम इस मुहिम में शामिल होंगे तो उत्तर प्रदेश निश्चित रूप से देश ही नहीं बल्कि विश्व के मंच पर भी विकास का आदर्श बनकर उभरेगा।

## मजदूर संगठनों ने किया अभिनंदन, फरियादियों की समस्याओं का मौके पर हुआ निस्तारण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नेहरू नगर सामुदायिक केंद्र शनिवार को गहमागहमी से गूंज उठा, जब पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश सरकार के सदस्य सतेंद्र कुमार बारी 'बीनू'ज्का प्रथम बार गाजियाबाद आगमन हुआ। आमजन, शोषित और पीड़ित वर्ग की आवाज सुनने और उनके ह$क की लड़ाई को मजबूत करने के संकल्प के साथ प्रदेशभर की जन चौपालों के दौरे पर निकले बीनू जी का विद्युत मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश एवं विद्युत संविदा मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। बीनू जी ने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई शिकायतों का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर समाधान कराया गया, जबकि कुछ मामलों को स्वयं अपने पास रखकर शासन स्तर से निस्तारण कराने का भरोसा दिया। इस पहल से उपस्थित लोगों में संतोष और उत्साह दोनों देखने को मिला। सभा को संबोधित करते हुए बीनू जी ने साफ कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मजदूरों और गरीबों के शोषण के सख्त खिलाफ हैं और उनकी सरकार हर हाल में न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी विभाग या अधिकारी द्वारा आमजन अथवा कर्मचारियों का शोषण किया जाता है तो उस पर सख्त कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्य न केवल आम आदमी का नुकसान करते हैं, बल्कि सरकार की छवि को भी धूमिल करते हैं, और ऐसे दोषियों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। कार्यक्रम में संगठन के प्रमुख महामंत्री आशीष कुमार, पश्चिमांचल प्रभारी श्याम चंद शर्मा, क्षेत्रीय प्रभारी शमशान अली, क्षेत्रीय अध्यक्ष फईम उल्वारी, जिला उपाध्यक्ष पूरन सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय कुमार, मंडल सचिव कुलदीप कुमार, उपेंद्र कुमार, राजीव कुमार और योगराज सहित बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादी मौजूद रहे।

## कार सवार लूट गैंग के तीन बदमाश गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कौशांबी थाना पुलिस ने रविवार तड़के बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस और कार सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ में लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन शातिर अपराधी दबोच लिए गए।

मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त कार, चाकू, तमंचा और नगदी बरामद की है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस टीम वैशाली पुलिया के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक होंडा सिटी कार वहां से गुजरी। पुलिस को देखकर चालक ने घबराहट में कार को दूसरे रास्ते पर दौड़ा दिया, जिससे वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस को आता देख कार सवार बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली सुजल नामक बदमाश के पैर में लगी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिल्ली के मंगोलपुरी निवासी सुजल, बेगमपुरी निवासी संदीप और विशाल के रूप में हुई है। तीनों कुख्यात अपराधी पहले भी कई मामलों में जेल जा चुके हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि 25 अगस्त की सुबह उन्होंने कंस्ट्रक्शन कारोबारी से गन प्वाइंट पर चेन लूटी थी। इसके अलावा वे गाजियाबाद और दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न इलाकों में सक्रिय थे।

## कविनगर रामलीला मैदान से उठा विदेशी सामान बहिष्कार का बिगुल
## अमेरिका-चीन-तुर्की के आयातित माल के खिलाफ एकजुट हुआ गाजियाबाद

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** कविनगर रामलीला मैदान में रविवार का दिन देशभक्ति और स्वदेशी के नारों से गूंज उठा। भारत का माल, भारत के लिए की हुंकार ने माहौल में नई ऊर्जा भर दी। सोशल चौकीदार ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस भव्य सभा और रैली का उद्देश्य विदेशी सामान के बहिष्कार और मेड इन इंडिया उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत को धमकाने वाली भाषा और आयातित वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की नीति को सभा में कड़े शब्दों में ललकारा गया। साथ ही चीन और तुर्की पर भी आर्थिक निर्भरता खत्म करने का आह्वान किया गया। सोशल चौकीदार ट्रस्ट के अध्यक्ष के.के. शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रंप का रवैया भारत की संप्रभुता के खिलाफ है और चीन जैसे देश, जो पाकिस्तान का साथ देते हैं, उनसे आयातित सामान खरीदना भारत की सुरक्षा और सम्मान से खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि दिवाली जैसे त्योहारों पर लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां तक चीन से आती हैं, यह हमारे लिए दुर्भाग्य की बात है। इस बार हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि दीपावली पर चीन की दिवाली नहीं, बल्कि भारत की दिवाली बने। श्री शर्मा ने व्यापार मंडलों से आए प्रतिनिधियों से स्पष्ट कहा कि व्यापारी केवल लाभ के लालच में विदेशी सामान न बेचें। उन्होंने कहा, चीन एक तरफ अपना माल भारत में बेचता है और दूसरी तरफ हमारे दुश्मन पाकिस्तान को हथियार सप्लाई करता है। क्या हम इतने अंधे हैं कि उनके माल से उनकी अर्थव्यवस्था मजबूत करते रहें? यह वक्त आत्मनिरीक्षण का है। सभा से देशवासियों को एकजुट होकर संकल्प लेने का आह्वान किया गया कि विदेशी सामान का बहिष्कार किया जाए। ₹मेड इन इंडिया₹ सामान खरीदा जाए। त्योहारों में केवल भारतीय उत्पादों को अपनाया जाए। इस मौके पर ललित जायसवाल, वी.के. अग्रवाल, बी.डी. शर्मा, बी.के. शर्मा (हनुमान), विवेक मित्तल, श्री बालकिशन बल्लू भैया और कृष्ण त्यागी जैसे प्रमुख लोगों ने भी सभा को संबोधित किया और विदेशी सामान के बहिष्कार की मुहिम को अपना समर्थन दिया। संस्था के उपाध्यक्ष उदित गर्ग, महामंत्री नेहा शर्मा, पदाधिकारी ललित त्यागी, दिनेश शर्मा, आधार शर्मा, आदित्य दीक्षित, बालेंद्र उपाध्याय और राजा त्यागी ने भी अपने विचार रखे।

## हैरिटेज गुरुद्वारा में स्व. सरदारनी भाजिन्दर कौर की अंतिम अरदास संपन्न



**मेरठ/गाजियाबाद।** सिक्ख रेजिमेंट स्थित हैरिटेज गुरुद्वारा में आज गम्भीर और भावुक माहौल में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री स्व. सरदार अजीत सिंह सेठी की धर्मपत्नी स्व. सरदारनी भाजिन्दर कौर की अंतिम अरदास संपन्न हुई। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और स्व. सरदारनी को श्रद्धांजलि अर्पित की। अल्पसंख्यक आयोग उत्तर प्रदेश के पूर्व सदस्य सरदार एस.पी. सिंह विशेष रूप से अरदास में शामिल हुए। उन्होंने सेठी परिवार से भेंट कर गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने स्व. सरदारनी भाजिन्दर कौर जी के परिवार - सुपुत्र गोविन्दरजीत सिंह सेठी और देवेन्द्र जीत सिंह सेठी सहित परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि स्व. भाजिन्दर कौर जी का जीवन सादगी, सेवा भावना और संस्कारों का प्रतीक रहा है। समाज को उनसे प्रेरणा मिलती रहेगी। गुरुद्वारा परिसर में अरदास के दौरान पूरे वातावरण में श्रद्धा और भावनाओं की गूंज रही। सरदार एस.पी. सिंह सहित सभी श्रद्धालुओं ने वाहेगुरु से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस गहरे दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। अंतिम अरदास में गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यों, शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, सेठी परिवार के रिश्तेदारों और सिख समाज से जुड़े लोगों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर परिवार के साथ खड़े रहने और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## जिलाधिकारी के नेतृत्व में पीईटी-2025 परीक्षा सकुशल सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 एक बार फिर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के कुशल नेतृत्व में नकलविहीन और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। यह परीक्षा शनिवार और रविवार को जनपद के 51 परीक्षा केन्द्रों पर दो-दो पालियों में आयोजित की गई। दो दिनों तक चले इस परीक्षा महायज्ञ में प्रशासन की सतर्कता और मजबूत रणनीति ने यह सुनिश्चित किया कि कहीं भी अव्यवस्था या नकल जैसी घटनाओं को जगह न मिल सके। परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन व निष्पक्ष बनाने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए। परीक्षा संचालन हेतु 05 जोनल मजिस्ट्रेट, 51 सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और केन्द्र व्यवस्थापक तैनात किए गए थे। जिलाधिकारी स्वयं परीक्षा की तैयारियों पर लगातार नजर बनाए रहे और हर स्तर पर पारदर्शिता को प्राथमिकता दी। निर्धारित समयानुसार प्रथम पाली प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 से 05:00 बजे तक हुई। जनपद गाजियाबाद में पीईटी-2025 के लिए कुल 1,00,896 परीक्षार्थियों का पंजीकरण हुआ था, जिनमें से 78,471 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इस प्रकार उपस्थिति प्रतिशत 77.75 रहा, जो राज्य स्तर पर भी एक सशक्त संदेश देता है कि परीक्षार्थियों ने प्रशासन की सख़्त लेकिन सहज व्यवस्थाओं पर पूरा भरोसा जताया। 6 सितम्बर को प्रथम पाली में 19,431 और द्वितीय पाली में 19,397 परीक्षार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं 7 सितम्बर को प्रथम पाली में 19,815 और द्वितीय पाली में 19,828 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं समयबद्ध और अनुशासित तरीके से सम्पन्न हुईं।

परीक्षा की सफलता का श्रेय जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के नेतृत्व को जाता है, जिन्होंने न केवल प्रशासनिक अमले को सख़्त निर्देश दिए बल्कि समय-समय पर मॉनिटरिंग कर यह सुनिश्चित किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। उनकी सतर्कता और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण गाजियाबाद एक बार फिर निष्पक्ष और नकलविहीन परीक्षा आयोजन का आदर्श उदाहरण बनकर सामने आया। पीईटी-2025 परीक्षा ने यह साबित कर दिया कि यदि इच्छाशक्ति और नेतृत्व सशक्त हो तो किसी भी परीक्षा को बिना किसी व्यवधान और दबाव के सम्पन्न कराया जा सकता है। गाजियाबाद में प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था के समन्वय ने इस परीक्षा को पूरी तरह सुरक्षित, पारदर्शी और नकलविहीन बनाया।

## अउआ के रजत जयंती समारोह को दिया गया अंतिम रूप




वेलकम इंडिया

- मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने आगमन की स्वीकृति दी
- विश्वप्रसिद्ध नृत्यांगना नलिनी कमलिनी बनेंगी मुख्य आकर्षण

**गाजियाबाद।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुराछात्र संघ (अउआ) के त्रिमूर्ति भवन स्थित प्रधानमंत्री संग्राहल सभागार में आयोजित होने वाले रजत जयंती समारोह में देश के मूर्धन्य विद्वानों ने आने की सहमति दी है। समारोह आगामी 5 अक्टूबर को होगा और इसके मुख्य अतिथि एम्स गोरखपुर के अध्यक्ष व राज्यसभा के पूर्व महासचिव देश दीपक वर्मा होंगे। समारोह में विश्वप्रसिद्ध नृत्यांगना नलिनी कमलिनी मुख्य आकर्षण का केन्द्र होंगी।

अउआ की कल देर शाम हुई कार्यकारिणी बैठक में रजत जयंती समारोह के कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। संस्था के अध्यक्ष गाजियाबाद के पूर्व मुख्य नगर आयुक्त एस के सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से महासचिव यूपी की पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त डॉ. शिखा दरबारी, मोदीनगर के गिन्नीदेवी डिग्री कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्या डॉ. रीता बख्शी, एएलटी सेंटर के पूर्व महाप्रबंधक एम के सेठ, वरिष्ठ अधिवक्ता डीसी श्रीवास्तव व रमेश तिवारी, कोषाध्यक्ष व उद्योगपति विकास शर्मा व गौरव चन्द्रा, वरिष्ठ पत्रकार अजय औदीच्य, प्रगति बिल्डर्स के प्रबंधक आलोक सिन्हा और एलाइड एण्ड ईवेंन्ट कंपनी के एमडी रजनीश कर्णवाल ने हिस्सा लिया। बैठक में डॉ. दरबारी ने बताया कि मुख्य अतिथि के अलावा ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के चेयरमैन संजय जैन और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के महासचिव भरत लाल भी रजत जयंती समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। तीनों विभूतियां इलाहाबाद विश्वविद्यालय के ही पूर्वछात्र हैं। इसके अलावा विश्वप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना नलिनी कमलिनी अपने नृत्य से समारोह का आकर्षण बढ़ाएंगी। समारोह में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षाप्राप्त देश-विदेश के तमाम ब्यूरोक्रेट्स, आईएएस, पीसीएस, उद्यमी, पत्रकार, शिक्षाविद् और विधिवेत्ता, कलाकार हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम 5 अक्टूबर को ठीक 11 बजे शुरू होगा। इसमें पुराछात्रों के संस्मरण और सम-सामयिक विषयों पर विद्वानों के विचार सुनने को मिलेंगे। मुख्य आकर्षण अउआ की स्मारिका ह्यत्रिपथगाह्ण का विमोचन होगा, जिसे वरिष्ठ पत्रकार अजय औदीच्य ने संपादित किया है। इसमें पुराछात्रों के संस्मरण, साहित्यकारों, अधिकारियों और शिक्षाविदों के लेख, संस्मरण व काव्य रचनाएं प्रकाशित की गई हैं।

## एयर इंडिया के सेवानिवृत्त अधिकारी के घर से 28 लाख के आभूषण और नकदी चोरी

**गाजियाबाद।** कवि नगर थाना क्षेत्र के पॉश कॉलोनी राजनगर सेक्टर-7 में शनिवार को दिनदहाड़े सनसनीखेज चोरी की वारदात ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। चोरों ने एयर इंडिया के सेवानिवृत्त सहायक प्रबंधक (फाइनेंस) राकेश श्रीवास्तव के घर से करीब 28 लाख रुपये मूल्य के आभूषण और 30 हजार रुपये नकद उड़ा दिए। घटना उस समय हुई जब परिवार के सदस्य बाजार गए हुए थे।

राजनगर सेक्टर-7 के मकान नंबर ष्ठ-44 में रहने वाले राकेश श्रीवास्तव मूल रूप से अंबेडकर नगर के गांव हैदराबाद भीवरा के निवासी हैं। वर्ष 2022 में वह एयर इंडिया से सेवानिवृत्त हुए थे और वर्तमान में परिवार के साथ गाजियाबाद में रह रहे हैं।

## ट्रांस हिण्डन जोन पुलिस की बड़ी कामयाबी: 265 मोबाइल फोन बरामद, मालिकों को लौटे करीब 1 करोड़ रुपये की खुशी

### चोरी, लूट और गुमशुदगी के मोबाइल फोन देश के कई राज्यों से बरामद

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन पुलिस ने चोरी, लूट और गुम हुए 265 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंप दिया। पुलिस लाइन स्थित परमजीत हॉल में आयोजित कार्यक्रम में डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने पीड़ितों को मोबाइल सौंपे, जिससे उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। डीसीपी ने बताया कि बरामद मोबाइलों की कुल कीमत लगभग एक करोड़ रुपये है।

डीसीपी ने कहा कि थानों पर रोजाना मोबाइल गुम होने, चोरी और स्नैचिंग की शिकायतें आती हैं। इन मोबाइलों को ट्रेस करने के लिए पुलिस की सर्विलांस टीम लगातार सक्रिय रही। ट्रांस हिंडन पुलिस ने सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (ष्टश्वढ्ढक्र) का उपयोग कर तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से 265 मोबाइल ट्रेस कर बरामद किए। यह मोबाइल तमिलनाडु, हरियाणा, बिहार, दिल्ली एनसीआर समेत विभिन्न राज्यों से बरामद किए गए। बरामद मोबाइलों में 15 चोरी हुए, 9 लूटे गए और 241 गुम हुए मोबाइल शामिल थे। पीड़ितों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ चुके थे, लेकिन पुलिस ने नई तकनीक और मेहनत से उन्हें वापस दिला दिया। कौशांबी पुलिस ने सर्वाधिक 54 मोबाइल बरामद किए और इस मामले में सबसे आगे रही। इसके अलावा इंदिरापुरम पुलिस ने 50 मोबाइल, लिंक रोड पुलिस 35 मोबाइल, टीला मोड़ पुलिस 34 मोबाइल, साहिबाबाद पुलिस 32 मोबाइल तथा खोड़ा और शालीमार गार्डन पुलिस ने 30-30 मोबाइल बरामद किए। डीसीपी ने बताया कि मोबाइल चोरी और लूट में शामिल असली गिरोह तक पहुंचने के लिए बरामद मोबाइल खरीदने वालों से पूछताछ की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और कोई भी पीड़ित अपने मोबाइल या अन्य कीमती सामान को खोने के बाद निराश नहीं होगा।